राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में...



जैसे मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह... 12

गाजियाबाद, बुधवार 11 मार्च 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 02, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### रसोई गैस बुकिंग के नियमों में सरकार ने किया बदलाव, अब 25 दिन बाद मिलेगा सिलेंडर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने आम आदमी की रसोई से जुड़े एलपीजी गैस सिलेंडरों की बुकिंग प्रक्रिया में एक बड़ा और अहम बदलाव कर दिया है। अब ग्राहकों के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। सरकार की ओर से उठाया गया यह सख्त कदम मुख्य रूप से गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और बाजार में चल रही ब्लैक मार्केटिंग (कालाबाजारी) पर पूरी तरह से लगाम लगाने के मकसद से लिया गया है।



**घरेलू ग्राहकों को मिलेगी पहली प्राथमिकता, नए देशों से बातचीत तेज**

इस बड़े बदलाव के साथ ही सरकार ने देश की सभी रिफाइनरियों को एलपीजी का प्रोडक्शन (उत्पादन) बढ़ाने का भी सख्त आदेश दिया है। तेल और गैस कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे कॉमर्शियल कनेक्शन की बजाय घरेलू एलपीजी ग्राहकों की जरूरतों को पहली प्राथमिकता दें। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार घरेलू उपभोक्ताओं की मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए अब एलपीजी के लिए नए अंतरराष्ट्रीय पार्टनर्स की भी तलाश कर रही है। इस दिशा में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और नॉर्वे जैसे प्रमुख देशों ने भारत से गैस सप्लाई के लिए संपर्क भी साधा है।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर बड़ी राहत, फिलहाल नहीं बढ़ेंगे दाम!**

आम जनता के लिए राहत की एक और बड़ी खबर यह है कि फिलहाल देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा होने की कोई संभावना नहीं है। जानकारों का कहना है कि जब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत 130 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार नहीं जाती, तब तक भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। इसके पीछे सबसे बड़ा तर्क यह दिया गया है कि भारत के पास अभी कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक (भंडार) मौजूद है। इसके अलावा, रणनीतिक कदम उठाते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने की स्थिति में अब दूसरे सुरक्षित समुद्री रास्तों से भी क्रूड ऑयल की सोर्सिंग को बढ़ा दिया गया है। साथ ही विमानों में इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ड्डह्लस्न) का भी देश में पर्याप्त भंडार सुरक्षित होने का दावा किया गया है।

### लुधियाना के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप, स्कूल परिसर करवाया खाली

**लुधियाना (आरएनएस)।** पंजाब के लुधियाना जिले में तीन स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी भरा संदेश सीबीएसई से जुड़े इन स्कूलों को करीब सुबह 7 बजे प्राप्त हुआ, जिसमें स्कूल परिसरों में बम होने की जानकारी दी गई थी।

धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस और स्थानीय प्रशासन को सूचित किया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं; सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### आतंकी गतिविधियों में संलिप्त तीन कर्मचारियों को जम्मू-कश्मीर सरकार ने किया बर्खास्त

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने जलशक्ति विभाग से जुड़े तीन कर्मचारियों को राष्ट्र-विरोधी और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने के बाद बर्खास्त कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार के जलशक्ति विभाग द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि अनंतनाग जिले के बिजबेहरा निवासी अस्थायी कर्मचारी शौकत अहमद जरगर पर कार्रवाई की गई है। 2019 में दर्ज मामले में संलिप्तता के कारण शौकत अहमद को सेवामुक्त किया गया है। कथित आतंकवादी गतिविधियों और साजिश से संबंधित इस मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद वर्तमान में सुनवाई चल रही है। अलग आदेशों में सरकार ने किश्तवाड़ जिले के अस्थायी कर्मचारी लियाकत अली भगवान और कौसर हुसैन भगवान को भी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के कारण सेवामुक्त कर दिया है।

## मिडिल-ईस्ट में छिड़ी जंग का असर

# देश के कई शहरों में गैस की किल्लत, होटल और रेस्टोरेंट ने बंद किए अपने काम





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई हिस्सों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की अचानक कमी से होटल, रेस्टोरेंट और अन्य कारोबारों में चिंता बढ़ गई है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में कई खाने-पीने के प्रतिष्ठान बंद होने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। बेंगलुरु में तो कई होटल और रेस्तरां ने विरोध स्वरूप अपना कामकाज बंद कर दिया है।

मुंबई और बेंगलुरु समेत कई शहरों में गैस की कमी का असर अब साफ दिखने लगा है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और वैश्विक आपूर्ति में आई बाधाओं के कारण एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिससे होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को कुकिंग गैस हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से एलपीजी कंपनियों को निर्देश दिया है कि फिलहाल 19, 47.5 और 425 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलिंडरों की रिफिलिंग पर रोक लगाई जाए। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रोपेन और ब्यूटेन जैसे एलपीजी घटकों के उपयोग पर रोक के चलते पुणे में गैस आधारित श्मशान घाटों को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रेस्तरां संचालकों का कहना है कि रविवार से कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग बंद हो गई है, जबकि घरेलू सिलिंडर की डिलीवरी भी बुकिंग के बाद दो से आठ दिन तक देरी से मिल रही है।

मौजूदा स्टॉक को नियंत्रित करने के लिए तेल कंपनियों ने घरेलू सिलिंडर की बुकिंग के नियम भी कड़े कर दिए हैं।

अब उपभोक्ता पिछली डिलीवरी के 21 से 25 दिन बाद ही नया सिलिंडर बुक कर सकते हैं। जमाखोरी और अवैध बिक्री रोकने के लिए डिलीवरी के समय ओटीपी या बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था भी शुरू की गई है।

इस बीच पंजाब में 8 मार्च से गैर-घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति रोक दी गई है, जिसमें 19 किलोग्राम के कमर्शियल पैक और बड़े औद्योगिक सिलिंडर शामिल हैं। वितरकों को निर्देश दिया गया है कि 25 दिन से पहले किसी भी रिफिल बुकिंग को स्वीकार न किया जाए।

हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में भी व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति अनिश्चितकाल के लिए रोक दी गई है। इस क्षेत्र में पैकेजिंग, फार्मा, गत्ता निर्माण, फूड प्रोसेसिंग समेत कई उद्योगों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में सिलिंडरों का उपयोग होता है। गैस की कमी का असर उत्तर प्रदेश के कानपुर में भी देखने को मिल रहा है। यहां उपभोक्ता बुकिंग कराने के बावजूद कई दिनों तक सिलिंडर की डिलीवरी का इंतजार कर रहे हैं।

इस स्थिति के बीच कई जगह एलपीजी की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। एजेंसियों से सिलिंडर नहीं मिलने पर कुछ लोग 1400 से 1500 रुपये तक में सिलिंडर बेच रहे हैं। हालांकि गैस एजेंसियों का दावा है कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

उधर गाजियाबाद में भी व्यावसायिक गैस सिलिंडरों में गैस भरने पर रोक लगा दी गई है और इस संबंध में गैस कंपनियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश जारी किए हैं। वहीं झुमरीतिलैया में इंडेन गैस के एक वितरक के अनुसार कंपनियों ने सॉफ्टवेयर अपडेट कर दिया है, जिसके बाद उपभोक्ताओं को अब 25 दिन बाद ही अगला सिलिंडर मिल सकेगा।

## कोविड वैक्सीन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्देश, गंभीर दुष्प्रभाव के मामलों में बने नो-फॉल्ट कंपंसेशन नीति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोविड-19 टीकाकरण से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि इस निगरानी प्रणाली से जुड़ा प्रासंगिक डेटा समय-समय पर सार्वजनिक किया जा सकता है, ताकि लोगों को सही




केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि कोविड-19 वैक्सीन लेने के बाद यदि किसी व्यक्ति को गंभीर प्रतिकूल दुष्प्रभाव झेलने पड़ते हैं, तो ऐसे मामलों में राहत देने के लिए नो-फॉल्ट कंपंसेशन सिस्टम तैयार किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह व्यवस्था केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से लागू की जानी चाहिए। अदालत के अनुसार, इस नीति का उद्देश्य उन लोगों को सहायता देना है, जिन्हें टीकाकरण के बाद गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का सामना करना पड़ा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस नई नीति में ऐसे मामलों के लिए मुआवजे का प्रावधान होना चाहिए, जहां वैक्सीन लेने के बाद गंभीर दुष्प्रभाव सामने आए हों। हालांकि अदालत ने यह भी कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं की निगरानी के लिए जो मौजूदा तंत्र पहले से काम कर रहा है, वह आगे भी जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानकारी मिलती रहे और पारदर्शिता बनी रहे। अदालत ने वैज्ञानिक आकलन से जुड़े मुद्दे पर भी टिप्पणी की।

> **अदालत ने यह भी कहा कि इस फैसले के बावजूद किसी भी व्यक्ति के लिए कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी उपायों का रास्ता बंद नहीं होगा। यानी प्रभावित लोग जरूरत पड़ने पर अन्य कानूनी विकल्प भी अपना सकते हैं**

कोर्ट ने कहा कि टीकाकरण से संबंधित मामलों की जांच और मूल्यांकन के लिए पहले से ही कई वैज्ञानिक और तकनीकी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। इसलिए इस विषय में अलग से अदालत द्वारा किसी नई विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नो-फॉल्ट कंपनसेशन फ्रेमवर्क तैयार करने का मतलब यह नहीं माना जाएगा कि केंद्र सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण ने अपनी कोई जिम्मेदारी या गलती स्वीकार की है।

अदालत ने यह भी कहा कि इस फैसले के बावजूद किसी भी व्यक्ति के लिए कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी उपायों का रास्ता बंद नहीं होगा। यानी प्रभावित लोग जरूरत पड़ने पर अन्य कानूनी विकल्प भी अपना सकते हैं।

## गाजियाबाद की जनता की बड़ी जीतः पुरानी दरों पर ही जमा होगा हाउस टैक्स

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** शहर की जनता के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। नगर निगम द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर फिलहाल रोक लग गई है और अब नागरिकों से हाउस टैक्स पुरानी दरों पर ही वसूला जाएगा।



इस संबंध में महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने लखनऊ में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद महापौर ने स्पष्ट किया कि हाउस टैक्स में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। नगर निगम अभी पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स वसूलेगा। महापौर ने बताया कि हाउस टैक्स से संबंधित नई प्रक्रिया और औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाएगा। जब तक नई व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो जाती, तब तक शहरवासियों को पुरानी दरों पर ही टैक्स जमा करना होगा।

महापौर के इस निर्णय से शहर के लाखों लोगों को राहत मिली है। पिछले कुछ समय से हाउस टैक्स बढ़ने की आशंका को लेकर लोगों में चिंता थी। अब पुरानी दरों पर टैक्स वसूली के फैसले से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे गाजियाबाद की जनता की बड़ी जीत बताया है।

## मिडिल ईस्ट की राजनीति में आएगा भूचाल?

# ईरान के नए सुप्रीम लीडर ने गद्दी संभालते ही भारत से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट की जंग अब सिर्फ ईरान, इजराइल और अमेरिका तक सीमित नहीं रही है। अब इस युद्ध का असर सीधे भारत तक पहुंच चुका है और इसकी वजह है ईरान का नया सुप्रीम लीडर और एक ऐसा रहस्य जिसे शायद दुनिया में सिर्फ भारत ही जानता है। जहां ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता यानी सुप्रीम लीडर अली खामनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना गया। जैसे ही यह फैसला सामने आया मिडिल ईस्ट की राजनीति में एक नया भूचाल आ गया। लेकिन सबसे ज्यादा मुश्किल में अगर कोई देश आया तो वो है भारत। क्योंकि नए सुप्रीम लीडर के आते ही एक ऐसा विवाद खड़ा हो गया जिसमें भारत का नाम सीधे बीच में आ गया है। दरअसल कुछ दिनों पहले ईरान और अमेरिका के बीच समुद्र में एक बड़ा सैन टकराव हुआ। इस घटना में अमेरिका ने दावा किया कि उसने ईरान के एक युद्धपोत को डूबा दिया। अमेरिका का कहना है कि वो जहाज पूरी तरह से सीआरसी यानी



कि कॉम्बैट ट्रेड कॉन्फिगरेशन मूड में था। यानी वो युद्ध के लिए तैयार था और इसलिए उसे निशाना बनाना एक वैध सैनिक कारवाई थी। लेकिन दूसरी तरफ ईरान का दावा बिल्कुल अलग है। ईरान का कहना है कि उसका युद्धपोत पूरी तरह निहत्ता था और उसमें कोई मिसाइल या हथियार मौजूद नहीं था। ईरान के अनुसार अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का उल्लंघन करते हुए उस जहाज को डुबो दिया। अब यहीं से विवाद पूरी दुनिया में एक बड़ा मुद्दा बन गया। लेकिन इस पूरे मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब यह पता चल गया कि उस युद्धपोध की असली स्थिति शायद सिर्फ एक देश जानता था और वो है भारत। क्योंकि जिस युद्धपोध को अमेरिका ने डुबाया वो कुछ समय पहले भारतीय नौसेना के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय अभ्यास मिलन नेवल एक्सरसाइज में शामिल हुआ था। इस सैन्य अभ्यास में कई देशों की नौसेनाएं शामिल होती हैं और यहां युद्धपोतों की तकनीकी स्थिति और क्षमताओं का मूल्यांकन भी होता है। यानी भारत को यह जानकारी हो सकती थी कि उस समय ईरान का युद्धपोत किस स्थिति में था। क्या वह वास्तव में हथियारों से लैस था या फिर नहीं और यही वजह है कि अब ईरान भारत से उम्मीद कर रहा है कि वह इस मामले में सच्चाई सामने लाए। ईरान चाहता है कि भारत खुले तौर पर यह बताए कि उसका युद्धपोध निहत्ता था और अमेरिका ने गलत तरीके से हमला किया। लेकिन भारत के लिए फैसला आसान नहीं है क्योंकि एक तरफ भारत के रणनीतिक रिश्ते अमेरिका के साथ मजबूत हैं तो दूसरी तरफ ईरान भी भारत का एक महत्वपूर्ण और पुराना दोस्त है।

## मुलाकात | एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# सीएम योगी को प्रस्तुत किया गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एयरोड्रम लाइसेंस

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी

> **इस लाइसेंस के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरूआत की प्रक्रिया बढ़ेगी आगे**

आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस प्रस्तुत किया । इसके साथ ही जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम पूरा हो गया है। इस लाइसेंस के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरूआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन समेत वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद अब नियामकीय स्वीकृतियों की अंतिम प्रक्रिया जारी है। एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम इस समय ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया के प्रमुख शहरों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। इस एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जहां स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य का समन्वय देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन हैं। एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल भवन बनाया गया है, जिसकी क्षमता प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। दूसरे चरण में क्षमता बढ़ाकर 3 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाई जाएगी। तीसरे और चौथे चरण में विस्तार के बाद कुल क्षमता 7 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।





पहले चरण में टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्गमीटर है, जिसमें 48 चेक इन काउंटर, 9 सुरक्षा जांच लेन और 9 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लाउंज भी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां 10 एयरोब्रिज और 28 विमान पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की गई है। रनवे पर प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन की क्षमता विकसित की गई है। एयरपोर्ट परिसर में आधुनिक कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब भी तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इसकी क्षमता लगभग 2.5 लाख टन कार्गो प्रतिवर्ष होगी, जिसे आगे चलकर 15 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। तकनीकी दृष्टि से भी यह एयरपोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां डिजीयात्रा आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली, सेल्फ बैगेज ड्रॉप और डिजिटल पैसेंजर प्रोसेसिंग सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रहीं हैं ताकि यात्रियों को तेज और सहज यात्रा का अनुभव मिल सके। सतत विकास को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट को नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। परिसर में सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रहीं हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# बुलंदशहर में दो चरणों में होगी जनगणना, 22 मई से शुरू होगी मकानों की गणना

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** वर्ष 2027 की जनगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। प्रशासन ने जनगणना प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा करने की योजना बनाई है। पहले चरण में मकानों की गणना और सूचीकरण का कार्य 22 मई से शुरू किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, फॉर्म भरने के तरीके और डाटा संकलन के नियमों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली सभी जानकारियों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बताया कि मकानों की गणना के दौरान प्रत्येक घर का विवरण, उसमें रहने वाले परिवारों की संख्या तथा अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज की जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।

प्रशिक्षण में मौजूद कर्मचारियों को बताया गया कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, इसलिए इसमें पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना आवश्यक है। प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मियों से निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और सटीक जानकारी एकत्र करने पर जोर दिया।

# गुलावठी में मौसम का अचानक बदला मिजाज,घने कोहरे से लोग हैरान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** क्षेत्र में मंगलवार सुबह मौसम के अचानक बदले मिजाज ने लोगों को हैरान कर दिया। तेज गर्मी के बीच सुबह घना कोहरा छा गया, जिससे वातावरण में ठंडक महसूस की गई और लोगों की दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो गई।

सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि सड़क पर चल रहे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई स्थानों पर दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर सावधानी के साथ चलना पड़ा। मौसम का यह बदला रूप लोगों के लिए अप्रत्याशित रहा, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह का मौसम ओस गिरने जैसा प्रतीत हो रहा था और वातावरण में हल्की ठंडक महसूस हो रही थी। होली के बाद अचानक इस तरह के कोहरे ने सभी को चौंका दिया। वहीं किसानों के बीच भी इस बदलाव को लेकर चिंता देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि मौसम में इस तरह का अचानक बदलाव फसलों पर असर डाल सकता है, इसलिए वे आगे के मौसम को लेकर चिंतित हैं।



मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है और लोग इसके कारणों को लेकर अलग-अलग अनुमान लगा रहे हैं।

## गुलावठी में मक्खन की माता शीला देवी का निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद में कार्यरत कर्मचारी मदन गोपाल गुप्ता उर्फ मक्खन की माता श्रीमती शीला देवी का बीती रात्रि लगभग 11 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया गया है कि श्रीमती शीला देवी लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, परिचितों और स्थानीय लोगों का उनके आवास पर तांता लग गया। स्वर्गीय शीला देवी का अंतिम संस्कार आज दोपहर 2 बजे उनके पैतृक निवास स्थान गुलावठी में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

# सदर एसडीएम द्वारा जनसुनवाई करने की जनता करने लगी प्रशंसा, ट्रैक्टर चलवाकर 4 दशक से बंद पड़ी चकरोड खुलवायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की सदर उप जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यालय में उपस्थित

- जनता की शिकायतों का मौके पर पहुंचकर करती है,निस्तारण
- एसडीएम ने दस बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक की जनसुनवाई

रहकर जनसुनवाई करती है। वह मौके पर पहुंचकर जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करती है। उनकी जनसुनवाई करने की जनपद की जनता द्वारा सराहना करने लगी है। मंगलवार को अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर 40 वर्षों से बंद पड़ी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाकर खुलवाया।

आपको बता दें,कि सदर एसडीएम ईला प्रकाश एक समयनिष्ठ, कत्र्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जानी व पहचानी जाती हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचती है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है। वह अपने कार्यालय पर बैठकर जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करती व करवाती है। जिसमें उनकी कत्र्तव्य निष्ठा दिखाई देती है। मंगलवार को सदर एसडीएम ईला प्रकाश अपने कार्यालय में जनता दर्शन में जनता की शिकायतें सुन रही थी। तभी उन्हें गांव तिगरी में अवैध कब्जा करने की शिकायत मिलने पर वह



अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची। और उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर 40 वर्षों से बंद पड़ी चकरोड से अवैध कब्जा हटवाकर चकरोड को खुलवाया। इसके अलावा गांव नवादा में भी अवैध कब्जा हटवाया गया। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।

# बुलंदशहर में जहरीली शराब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 6 तस्कर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वाट टीम देहात और छतारी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जहरीली अपमिश्रित शराब बनाने वाले गिरोह के छह शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 35 लीटर अपमिश्रित शराब, 24 पव्वे मिस इंडिया मार्का, 200 लीटर शराब बनाने का केमिकल, 1430 रैपर, बार-कोड स्टीकर, पैकिंग मशीन व अन्य उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन और दो कार बरामद की हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार को स्वाट टीम देहात और थाना छतारी पुलिस चेकिंग



कर रही थी। इसी दौरान शेखूपुर से पंड्रावल जाने वाले मार्ग पर आम के बाग से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजय कुमार गुर्जर निवासी आकाश नगर थाना मसूरी गाजियाबाद, कौशेंद्र कुमार निवासी ग्राम मानपुर थाना शिकारपुर बुलंदशहर, नितिन यादव, विशाल यादव व अक्षत शर्मा निवासी ग्राम पूठी थाना वेब सिटी गाजियाबाद तथा सोनू निवासी ग्राम कुसैता थाना आंवला जनपद बरेली के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पानी में केमिकल और रंग मिलाकर अपमिश्रित शराब तैयार करते थे। इसके बाद उसे मिस इंडिया मार्का के फ्रूटी जैसे रैपर में भरकर पैकिंग मशीन से सील कर देते थे और नकली बार-कोड लगाकर गत्ते के कार्टून में पैक कर छोटा हाथी वाहन और कार के जरिए ठेकों व अन्य स्थानों पर सप्लाई करते थे। पुलिस ने इस मामले में थाना छतारी पर आबकारी अधिनियम की धारा 60/60(2)/72 तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त संजय कुमार के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना छतारी पुलिस के साथ स्वाट टीम देहात के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

# एनएसएस शिविर का लखावटी में शुभारंभ हुआ, अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी प्रथम इकाई द्वारा संचालित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा मंगलवार को सात दिवसीय विशेष




शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाग ले रहे छात्र स्वयं सेवकों को समाज सेवा स्वच्छता और जागरूकता अभियान के लिए सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। शुभारंभ बी के प्रसाद एवं आर के सिहंने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। स्वागत और परिचय के पश्चात अतिथियों ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा स्वच्छता और जागरूकता के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया।

प्रथम दिन स्वयं सेवकों ने गांव में स्वच्छता अभियान जन जागरुकता कार्यक्रम तथा सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की ।

समन्वयक डॉ संजय कुमार गुप्ता ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने एक्सईएन से की मुलाकात, जल्द समाधान की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मंगलवार को जहांगीराबाद विद्युत डिवीजन के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) एसके मिश्रा से मुलाकात कर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को उठाया। उन्होंने अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मल्कपुर और तोली गांव में प्रस्तावित बिजलीघरों के निर्माण को जल्द शुरू कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मल्कपुर क्षेत्र के लोग लंबे समय से बिजलीघर की मांग कर रहे हैं,



जिसे जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सके। इसके अलावा राघव ने मल्कपुर समेत कई गांवों में चल रहे केबलीकरण कार्य में ठेकेदार द्वारा कुछ स्थानों पर काम अधूरा छोड़ने की शिकायत भी की। उन्होंने इस मामले में अधिकारियों से जांच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मीटर रीडिंग और बिजली चोरी की चेकिंग के नाम पर विद्युत घरों पर तैनात कुछ कर्मचारी व अधिकारी उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की।

इस पर अधिशासी अभियंता एसके मिश्रा ने ज्ञानेंद्र सिंह राघव को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा और उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# एचपीडीए बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से 12 प्रस्ताव स्वीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,मेरठ।** मंगलवार को मेरठ कमिश्नरी के सभागार कक्ष हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की 75 वीं बोर्ड बैठक एचपीडीए



अध्यक्ष व मंडलायुक्त भानू चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जनपद के विकास से सम्बंधित 12 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गयी। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय व्ययक,ग्राम चक्रसैनपुर उर्फ बाबूगढ़ में प्राधिकरण की प्रस्तावित हरिपुर आवासीय योजना के सम्बंध में,मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण,नई शहरी प्रोत्साहन योजना के तहत हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम चक्रसैन उर्फ बाबूगढ़ में की भूमि पर विकसित की जा रही हरिपुर आवासीय योजना हेतु 15.7968 भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन,उत्तर प्रदेश शहरी नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत आयुक्त न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन,ग्राम खेड़ा तहसील धौलाना के विभिन्न खसरा संख्या क्षेत्रफल 5.0682 हे.का भू उपयोग ट्रांसपोर्ट नगर से औद्योगिक भू उपयोग में परिवर्तित करने आदि के सहित कुछ 17 प्रस्ताव रखे गये।

# मुकदमे के गवाह को दबंग ने लाठी-डंडों से जमकर धुना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** नयी बस्ती कस्बा व थाना औरंगाबाद निवासी सादाब पुत्र शफीक ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया कि वह दुबई में रहने वाले सैयद मौहम्मद जावेद की संपत्ति और मकान आदि की देखरेख करता है। प्रार्थी 8 मार्च को दोपहर लगभग बारह बजे चौक सादात में किसी का इंतजार कर रहा था उसी समय वहां पर आमिर रिजवी पुत्र आदिल रिजवी बाइक पर सवार होकर आया और उसे टक्कर मारकर गिरा दिया। उसके बाद आमिर ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी । साथ ही कहा कि आज तुझे जान से मार डालूंगा।तू बहुत कफील भाई के खिलाफ मुकदमे में गवाह बनता है । सादाब ने यह भी कहा कि वह किसी तरह आमिर के कब्जे से छूट कर इमामबाड़े में भागा तो आमिर ने पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने के साथ तीन लाख रुपए मांगे और कहा कि यदि तूने कफिल भाई के खिलाफ गवाही दी तो तेरी हत्या कर दूंगा।

# आईएएस बने विपिन चौधरी को मिल रही बधाइयां, घर पर लगा शुभकामनाएं देने वालों का तांता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव डूगरा जाट निवासी किसान राजेंद्र चौधरी परिवार के बेटे विपिन चौधरी के आईएएस बनने पर तीसरे दिन भी बधाई

**डूगरा जाट के किसान पुत्र ने यूपीएससी में 538वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान**

देने वालों का तांता लगा रहा। घर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और गणमान्य लोग पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और उनकी सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बता रहे हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 538वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनने वाले विपिन चौधरी की



इस उपलब्धि से गांव डूगरा जाट सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मतलूब अली जिला अध्यक्ष जी के नेतृत्व में उनके साथ अनिल चरोरा वरिष्ठ नेता, प्रणव शर्मा वरिष्ठ नेता, हाजी खालिद सिद्दीकी जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा, दीपांशु गोस्वामी प्रदेश प्रवक्ता युवजन सभा,उनके घर पहुंचकर बुके देखकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

सभी ने विपिन की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को बड़ी प्रेरणा मिलेगी।

# पुरानी रंजिश के चलते 50 वर्षीय शिवकुमार पर फायरिंग, घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**अगौता (वसीम खान)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिहरा में मंगलवार को दिनदहाड़े फायरिंग की घटना सामने आई। पुरानी रंजिश के चलते 50 वर्षीय शिवकुमार पर फायरिंग गंभीर घायल 2018 में हुई हत्या के मामले में घायल शिवकुमार को हो चुकी थी आजीवन कारावास की सजा आज खेत पर जाते समय दूसरे पक्ष के लोगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, शिवकुमार को लगी तीन गोलियां सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल में कराया भर्ती उपचार के दौरान हालत गंभीर देख हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज किया रेफर इस वारदात में करीब 50 वर्षीय शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। जांच के दौरान इस वारदात में चार अभियुक्तों की संलिप्तता पाई गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। घायल शिवकुमार का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है जहां उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद ने बताया, "प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। चार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे पुलिस प्रशासन ने यह भी कहा है कि फरार चारों अभियुक्तों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं आरोपियो के घर पर पुलिस दबिश दे रही हैं। आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ**

**हवन यज्ञ में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अन्तुल तेवतिया के अलावा डॉ.सविता तेवतिया, आचार्य गोपालन अनीस, डॉ.निकुंज तेवतिया रही**

# डॉ.अन्तुल तेवतिया के पिता, समाजसेवी डॉ.जितेंद्र तेवतिया की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन







बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** ग्राम चंदन की मंडैया में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अन्तुल तेवतिया के पिता एवं आरएसएस के पूर्व सह विभाग संघचालक डॉ.जितेंद्र तेवतिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अन्तुल तेवतिया के अलावा डॉ.सविता तेवतिया, आचार्य गोपालन अनीस, डॉ.निकुंज तेवतिया रही। हवन शिव शनिदेव मंदिर के पुजारी पं.मनीष शास्त्री ने सम्पन्न कराया। लोगों ने डॉ.जितेंद्र तेवतिया की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सांसद डॉ भोला सिंह, श्याना विधायक देवेंद्र लोधी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधीर शर्मा, पालिकाध्यक्ष शैलेश तेवतिया, भाजपा नेता संजय गुर्जर, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष श्योपाल सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री अजय त्यागी, महेंद्र भैया, आयुष्मान ठाकुर आदि शामिल रहे।

# मोहल्ला चैनपुरा निवासी राहुल बने भाकियू अन्नदाता के प्रदेश अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के मोहल्ला चैनपुरा निवासी राहुल वाल्मीकि को अखिल भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता का एससी/ एसटी बिग का प्रदेश



अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चैनपुरा स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सोपा। इस दौरान संगठन के प्रदेश मंत्री मुकेश, रामचंद्र प्रजापति, नितिन, नरेंद्र सिंह, दीपक टॉक, गंगा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



**गौतमबुद्धनगरः** जन शिक्षण संस्थान गौतम बुद्ध नगर, प्रायोजितः कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) नोएडा के सौंदर्य प्रसाधन विभाग की ट्रैड विशिष्ट प्रशिक्षिका श्रीमती ज्योति बलवानी द्वारा क्षमता विकास कार्यशाला का शुभारंभ आज दिनांकः 10.03.2026 को किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्री वीरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) नोएडा की ट्रैड विशिष्ट प्रशिक्षिका श्रीमती ज्योति बलवानी जी, सुमित कुमार शुक्ला, हर्ष कश्यप, राधेश्याम एवं संस्थान की संसाधन व्यक्ति उपस्थित रहीं। **छायाः-बुलन्द संदेश**

# जन सूचना कार्यालय के दरवाजे के गिलास पर ब्लैक फिल्म देख भड़के नगर आयुक्त, तत्काल हटाने के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय में सभी तलों पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा औचक निरीक्षण

**कार्यस्थलों पर ब्लैक फिल्म पूर्ण रूप से वर्जित, अधिकारी रखें विशेष ध्यान -नगर आयुक्त**

किया गया कार्य स्थलों की साफ सफाई तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया, इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा ग्राउंड फ्लोर पर बने हुए कार्यालय का भी जायजा लिया गया ग्राउंड फ्लोर पर बने जन सूचना कार्यालय पर लगे हुए दरवाजे के गिलास पर लगी हुई ब्लैक फिल्म को देखकर नाराजगी जाहिर की तथा तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए, मौके पर







अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी नजारत डॉ अनुज भी उपस्थित रहे जिनको तत्काल प्रभाव से निगम मुख्यालय जोनल कार्यालय तथा अन्य कार्य स्थलों पर अनावश्यक रूप से लगे हुए पोस्टर तथा ब्लैक फिल्म को हटाने के लिए निर्देशित किया गया' नगर निगम जन समस्याओं के समाधान पर बेहतर कार्य कर रहा है जिसके क्रम में पारदर्शिता का भी ध्यान रखा जाए, निगम में आने वाले आगंतुकों को उनके दिए गए संदर्भों पर की जा रही कार्यवाही पर भी सटीक जानकारी दी जाए, नगर आयुक्त द्वारा टीम को निर्देश दिए गए, निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा समस्त तलों का जायजा लिया गया सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित मिले, जन समस्याओं के समाधान को लेकर निरीक्षण करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में जन समस्याएं सुनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा





कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना,शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनता दर्शन जनसुनवाई की सीधे सीएम आफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे।

जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों का जिलाधिकारी ने जूम के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कराकर, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि असहाय और पीड़ितों की सहायता की जाएं।

जनता दर्शन के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एडीएम एलए अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित प्रकरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निदेर्शानुसार 14.03.2025 राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमे विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसमे न्यायालय स्तर पर आपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले, अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, मुकदमे विनिर्दिष्ट, अनुपालन मुकदमे) आदि।, अन्य मामले -





क्रिमिनल मामले, बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले।, ई-ट्रैफिक चालान, 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट आदि हैं। प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों/प्रकरणों की सूचना। उपजिलाधिकारी के स्तर परः राजस्व वाद भरण पोषण से संबंधित वाद पारिवारिक प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। तहसीलदार, न्यायालय स्तर परः राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा।

नायब तहसीलदार स्तर परः न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा

जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर परः विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। बाट तथा माप विभाग के स्तर परः विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें काँटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा।है। नगर पंचायत स्तर पर : हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। बैंक से संबंधितः एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जायेगा।

# गांव कानीगढ़ी मे चार पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर के गांव कानीगढ़ी के एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



गांव कानीगढ़ी निवासी रिंकू ने आरोप लगाया है कि 1 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने घेर में पशुओं को पानी पिला रहे थे, तभी वहां गांव का ही राजेंद्र पहुंचा और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अमरपाल, महेश व प्रियंका पत्नी अमरपाल को बुला लिया और चारों आरोपियों ने पीड़ित के साथ बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी, जब शोर सुनकर पीड़ित के चचेरे भाई प्रिंस, पीड़ित की मां मुनेश व चाची अनीता वहां पहुंची तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# आयकर विभाग द्वारा आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन अग्रिम कर विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आयकर विभाग द्वारा आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन ,अग्रिम करह्व विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीजीओ कॉम्प्लेक्स-1, गाजियाबाद के द्वितीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर्णा करण, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, कानपुर द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ रेनुका जैन गुप्ता, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद; सुश्री दीपिका मित्तल, प्रधान आयकर आयुक्त, गाजियाबाद; तथा डॉ श्योदान सिंह भदौरिया, प्रधान आयकर आयुक्त, कानपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त संजय चौरसिया, अतिरिक्त आयकर आयुक्त; नवाब सिंह, अतिरिक्त आयकर आयुक्त; आशीष शुक्ला, सहायक आयकर आयुक्त तथा गाजियाबाद स्टेशन पर कार्यरत आयकर अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस सत्र में गाजियाबाद के प्रमुख करदाता एवं कर सलाहकार जैसे आर. के. गोविल, अशोक गांधी, सुमित बंसल, मधुसूदन कपूर, योगेश कंसल, जे. आर. जैन, अनिल गुप्ता, नितिन गर्ग सहित 40 से अधिक टैक्स प्रोफेसनल एवं उद्योग से सम्बंधित कर दाता लोग भी उपस्थित रहे और उन्होंने विभिन्न कर संबंधी विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। इस बैठक का संचालन सुश्री दीपिका मित्तल, प्रधान आयकर आयुक्त, गाजियाबाद के मार्गदर्शन में किया गया। उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड के साथ-साथ गाजियाबाद प्रभार में कर संग्रहण तथा करदाताओं से संबंधित कर समस्याओं एवं



उनके निस्तारण से संबंधित समग्र अवलोकन डॉ. श्योदान सिंह भदौरिया, प्रधान आयकर आयुक्त, कानपुर द्वारा उपस्थित सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान डॉ. रेनुका जैन गुप्ता, मुख्य आयकर आयुक्त, गाजियाबाद ने विश्वास व्यक्त किया कि गाजियाबाद प्रभार के करदाता ईमानदारीपूर्वक अपने आय का सही आकलन कर 15 मार्च से पूर्व अपना अग्रिम कर अवश्य जमा करेंगे। बैठक के दौरान अपर्णा करण, Pr. CCIT, कानपुर ने गाजियाबाद चार्ज के करदाताओं से अनुरोध किया कि वे अग्रिम कर की अंतिम किस्त, 15 मार्च से पूर्व अपनी आय का सही-सही आकलन करते हुए सटीक अग्रिम कर जमा करें, जिससे ब्याज एवं अन्य दंडात्मक परिणामों से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित कुल कर संग्रह लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। तथापि टेक्सटाइल, रियल एस्टेट तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में कर संग्रह में लगभग 80 से 95 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है। इस संबंध में उन्होंने इन क्षेत्रों में कर संग्रह में आई कमी के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने करदाताओं को अवगत कराया कि विभाग के पास विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं, अतः करदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी वास्तविक आय का सही-सही आकलन कर समुचित अग्रिम कर का भुगतान करें। कार्यक्रम के दौरान संजय चौरसिया, अतिरिक्त आयकर आयुक्त द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कर संग्रह की स्थिति, वृद्धि तथा कमी का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।

यह इंटरैक्टिव सत्र अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक रहा, जिसमें करदाताओं और आयकर विभाग के अधिकारियों के बीच कर अनुपालन, अग्रिम कर भुगतान तथा कर संग्रह में वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# महानगर के कांग्रेसियों ने नगर निगम के गृह कर वृद्धि के खिलाफ सामूहिक रुप महानगर कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महानगर के कांग्रेसियों ने नगर निगम के गृह कर वृद्धि के खिलाफ सामूहिक रुप से आवाज उठाई। महानगर कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेसियों ने कहा कि यदि नगर निगम ने एक सप्ताह के अंदर गृह कर वापस न लिया तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जन आंदोलन शुरू करेगी। इससे लिए चरणबद्ध तरीके से कांग्रेसी हर वार्ड में जाकर जनता को इस मुद्दे पर जागरुक कर-के जन समर्थन करने का काम करेंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता,टीवी पैनेलिस्ट अजय वर्मा, महानगराध्यक्ष वीर सिंह जाटव, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, प्रदेश सचिव बिजेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता जेके गौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, पूर्व मेयर प्रत्याशी






पुष्पा रावत, अनमोल वशिष्ठ आदि ने संयुक्त रुप से कहा कि गाजियाबाद की जनता के भाजपा को हर चुनाव में भारी समर्थन कर-के विजयी बनाया, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गृह कर में तीन सौ प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि करके गाजियाबाद की जनता के विश्वास के साथ आर्थिक कुठाराघात किया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि तीन सौ प्रतिशत से अधिक तक का गृह कर वृद्धि का फैसला नगर निगम बिना शासन के संबंधित अधिकारियों को विश्वास में लिये नहीं ले सकता। इसलिए ऐसा लगता है कि गाजियाबाद के नगरायुक्त ने कई सौ गुना गृह कर वृद्धि सरकार की सहमति से ही की है और अब इस संबंध में गृहकर वापसी के लिए सरकार को पत्र भेजा जाना केवल जनता के साथ छल किये जाने से ज्यादा कुछ नहीं है। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जनता को राहत देने की बजाय उस पर आर्थिक बोझ लाद दिया है। गाजियाबाद सहित प्रदेश की जनताा भाजपा को आने वाले विधान सभा चुनाव 2027 में इसका करारा जबाव देगी। कांग्रेसियों ने नगर निगम व प्रदेश सरकार के मांग की है कि वह एक सप्ताह के अंदर गृह कर वृद्धि को वापस ले, अन्यथा कांग्रेस गाजियाबाद की जनता के साथ व्यापक स्तर पर गृह कर मुद्दे पर जन आंदोलन शुरू करेगी। प्रेस वार्ता में महानगर कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, विधान सभा अध्यक्ष अमित शर्मा, इस्माइल खां, वीना मुल्तानी, डॉ. एसबी कुलश्रेष्ठ, पूर्व एमएससी प्रत्याशी शशि भूषण, लालमन सिंह सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# आत्मकथा अपनी राम कहानी के लिए डॉ.सविता चड्ढा को मिलेगा साहित्य भूषण सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मानों से अलंकृत प्रख्यात लेखिका डॉ. सविता चड्ढा को उनकी चर्चित आत्मकथा अपनी राम कहानी के लिए इंडिया नेटबुक्स का प्रतिष्ठित साहित्य भूषण सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

डॉ.चड्ढा को यह सम्मान बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले साहित्यकार सम्मान उत्सव के अवसर पर 14 मार्च 2026 को दिल्ली के क्राउन प्लाजा, मयूर विहार डिस्ट्रिक्ट सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इंडिया नेटबुक्स के संस्थापक डॉ. संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस वर्ष विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट लेखन करने वाले देश के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने सर्वसम्मति से डॉ. सविता चड्ढा को उनकी आत्मकथात्मक कृति ह्यअपनी राम कहानी के लिए ह्यसाहित्य भूषण सम्मान हेतु चयनित किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सविता चड्ढा हिंदी साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी पहली पुस्तक 1984 में प्रकाशित हुई थी और अब तक उनकी 55 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी कहानियों पर नाट्य मंचन हो चुके हैं, टेलीफिल्मों का निर्माण भी किया गया है तथा उनकी पत्रकारिता संबंधी पुस्तकों को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। उनकी कहानियों पर विद्यार्थियों द्वारा शोध कार्य भी किए जा चुके हैं। डॉ. चड्ढा को वर्ष 1987 में हिंदी अकादमी, दिल्ली द्वारा साहित्य



कृति सम्मान तथा वर्ष 2022 में साहित्य अकादमी, पंचकूला द्वारा हरियाणा गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें दो लाख रुपये की नगद राशि भी प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा समय-समय पर उन्हें उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। हिंदी साहित्य में उनकी निरंतर सक्रियता, बहुआयामी लेखन और रचनात्मक योगदान को देखते हुए साहित्य भूषण सम्मान की यह घोषणा साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

**भेंट की वर्दी** — चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए कार्य स्थलों को सुविधाजनक बना रहा है निगम

# नगर आयुक्त ने चतुर्थ श्रेणी के 178 कर्मचारियों को भेंट की वर्दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी जो कि चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत आते हैं उनको नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा वर्दी भेंट की गई पुरुष कर्मचारियों के लिए सफारी सूट तथा महिला कर्मचारियों के लिए सूट की व्यवस्था कराई गई उपस्थित कर्मचारियों से नगर आयुक्त द्वारा वार्ता करते हुए उनके परिवार जनों का हाल जाना साथ ही कार्यस्थल पर सुविधा बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया ' लगभग 180 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी भेंट की गई, जिसमें अनुचर तथा गैंगमैन शामिल किए गए ' नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे जिसमें अनुराग नागर अध्यक्ष, मयूर गिरधर उपाध्यक्ष, महामंत्री महेंद्र, उप मंत्री भीम व अन्य







उपस्थित रहे, जिनके द्वारा पांचों जोन तथा नगर निगम मुख्यालय में कार्य करने वाली स्थाई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी दिलवाई गई ' नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों का तथा उनके परिवार जनों का भी ध्यान रखा जा रहा है समय से वेतन मिल रहा है तथा कार्य स्थलों को भी सुविधाजनक बनाया जा रहा है जिसके लिए सभी निगम अधिकारियों का धन्यवाद किया गया ।'

# अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी का ग्राम पंचायत कासिमपुर की जमीन अवैध कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कासिमपुर गांव में बनी अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व जिला प्रशासन का ग्रामीणों पर लगातार कहर जारी है। प्रशासन द्वारा बनाए जा



रहे इस अन्याय पूर्ण दबाव के चलते कासिमपुर गांव के समस्त ग्रामीण अपनी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर चिंतित है। कासिमपुर गांव के हर घर पर अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व जिला प्रशासन की तानाशाही के चलते गांव के मकान बेचने के लिए मजबूर हो गए है इस तरह के पोस्टर गांव में लगे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका सूबे में चल रही वर्तमान सरकार से भी उनका पूरी तरह विश्वास उठ चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि बर्ष 2007 से लेकर अब तक 32 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी 2007 में लगाई गई थी। उसी दौरान राजस्व के अधिकारियों से सांठ गांठ करके 12 बीघा ग्राम पंचायत कासिमपुर की जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर कम्पनी की चार दीवारी के अंदर ले लिया था उस पर अवैध निर्माण भी कराये जा चुके है। वर्ष 2025 में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी द्वारा बनाये गये दूसरे नये प्लांट में 18 बीघा ग्राम पंचायत कासिमपुर की भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं विकास पुरुष : राकेश राठौर गुरुजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** अलीगढ़ सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री आदरणीय श्री राकेश राठौर गुरुजी के अलीगढ़ में प्रथम बार आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल के नेतृत्व में उनको फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अंग वस्त्र पहनकर अंगवस्त्र पगड़ी पहनकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि सेना के कोल विधानसभा अध्यक्ष श्याम कुमार वाल्मीकि ने माननीय मंत्री जी को एक ज्ञापन दिया ज्ञापन पढ़ते हुए भाजपा नेता विक्रम जीनवाल वाल्मीकि ने बताया कि लोको कॉलोनी नई आबादी बाल्मीकि बस्ती गली नंबर 10 में जहां प्रार्थी की गली रेलवे लाइन के सहारे ट्यूबवेल नगर निगम दुआरा लगा हुआ है जो रास्ते के गंदे पानी को निकालने के लिए लगाया गया है जो के पानी को निकालने के लिए लगाया गया है उपरोक्त गली में पाइप प्रार्थी की गली की तरफ होने के कारण गली में काफी ज्यादा गंदा पानी भर जाता है जिसके कारण मोहल्ले के लोगों को बीमारियों का डर बना रहता है बुजुर्गों बच्चों में महिलाओं को निकालने में अनेक होने को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि प्रार्थी की गली को सीसी गली बनवाए जाने एवं सीसी नाली बनाए जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें साथी पाइप को बड़ा कर- के सीधा पोखर में पानी जाए जाने के आदेश को पारित करने की कृपा करें जिस मोहल्ले के लोगों को गंदे पानी की समस्या से समाधान मिल सके इस मौके पर जिला महामंत्री महर्षि वाल्मीकि सेना गुड्डू वाल्मीकि ने कहा की वाल्मीकि समाज के कई मोहल्ले अभी विकास से वंचित हैं जहां नगर निगम द्वारा विकास कराया जाना अत्यंत आवश्यक है इस मौके पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार जो चल रही है वह बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के मूल मंत्र को लेकर के कार्य कराया जा रहा है और बहुत बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहा है जहां कुछ समस्याएं हैं उनका भी यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा साथी माननीय मंत्री राकेश राठौर ने भारतीय जनता पार्टी के नेता विक्रम जीनवाल एवं उनकी महर्षि वाल्मीकि सेना की टीम का आभार प्रकट किया इस मौके पर मनीष कुमार वाल्मीकि बबलू वाल्मीकि एवं आदि महर्षि वाल्मीकि सेना कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस चिकित्सालय, अलीगढ़ में मेडिकल कैम्प का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के





निर्देशन में शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल, सासनीगेट, आगरा रोड, अलीगढ़ की मेडिकल टीम द्वारा पुलिस चिकित्सालय में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य आवश्यक जाँच ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, दांतों की जांच, ब्लड टेस्ट एवं ईसीजी आदि के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा फीता काटकर मेडिकल कैम्प का उद्घाटन किया तथा चिकित्सकों से वार्ता कर मेडिकल कैम्प के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान डॉ. गजेंद्र सिंह (पुलिस चिकित्साधिकारी), डॉ. सबाना जैदी (मार्केटिंग हेड), डॉ. मौसम गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. के. डी. सिंह (फिजिशियन) तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री अनुभव कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस रैंकिंग में अलीगढ़ परिक्षेत्र फिर प्रदेश में प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आईजीआरएस एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल/सीएम हेल्पलाइन) की माह फरवरी 2026 की रैंकिंग में अलीगढ़ परिक्षेत्र कार्यालय तथा परिक्षेत्र के चारों जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस और कासगंज ने पूरे प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर परिक्षेत्र को शत-प्रतिशत अंक मिले हैं।







रिपोर्ट के अनुसार परिक्षेत्र के सभी जनपदों ने पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया है। साथ ही फीडबैक सिस्टम के आधार पर आवेदकों ने निस्तारण की गुणवत्ता पर उच्च संतुष्टि जताई है। उल्लेखनीय है कि चारों जनपदों में एक भी शिकायत डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं पाई गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र प्रभाकर चौधरी के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपदों द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराया जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रभाकर चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल शिकायत को बंद करना नहीं बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर आईआईएमटी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़।** आईआईएमटी कॉलेज में वूमेन सेल द्वारा महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य शंभू के.एन. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की कार्यक्रम की मुख्य वक्ता योगाचार्य सुमन नंदा रहीं। उन्होंने वर्तमान समय में महिलाओं में होने वाली समस्याओं जैसे हार्मोनल बदलाव, पीसीओडी, मानसिक तनाव और संतुलित दिनचर्या के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली में महिलाओं को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वूमेन सेल की प्रभारी डॉ. मधु चाहर ने कहा कि आज नारी शक्ति की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दे रही है। नारी अब अबला नहीं बल्कि सबला है और हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी मयार्दा और जिम्मेदारियों का भी ध्यान रखना चाहिए तथा किसी भी चीज का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सरवत उस्मानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू सक्सैना, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. भीष्मव्रत यादव, डॉ. अजीता सिंह, डॉ. सुमन लता, दीपशिखा, रिचा सिंह सहित समस्त शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गैस सिलेंडर महंगा होने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपए और बढ़ती महंगाई के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक और कांग्रेस के पूर्व हरियाणा प्रभारी विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय दिग्विजय सिंह को सौंपा।



इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली गईं तो यह आंदोलन अलीगढ़ से निकलकर राष्ट्रव्यापी रूप लेगा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि जनता पहले से ही भीषण महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की बढ़ोतरी करना आम जनमानस पर एक और कड़ा प्रहार है। विवेक बंसल ने कहा कि सरकार और तेल कंपनियां भारी मुनाफाखोरी कर रही हैं, जिसे तत्काल रोकने के निर्देश दिए जाने चाहिए। पूर्व विधायक विवेक बंसल ने वर्तमान हालातों पर भाजपा सरकार की नीतियों को आम आदमी के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार असंवेदनशील है। इसे आम आदमी के चूल्हे की फिक्र नहीं है, बल्कि इसका पूरा ध्यान अडानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने पर है। उन्होंने भारत की वर्तमान विदेश नीति को पिट्ठू नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि आज हम पूरी तरह अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका कहेगा तो रूस से तेल लेंगे, मना करेगा तो नहीं लेंगे। खाड़ी युद्ध के समय भारत की अपनी कोई स्वतंत्र आवाज नहीं रह गई है। विवेक बंसल ने कहा कि 1971 के युद्ध के समय पूरा विश्व भारत के खिलाफ था। बावजूद इसके इंदिरा गांधी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने बिना 56 इंच के सीने की बात किए दिखा दिया था कि भारत की रीढ़ की हड्डी और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि कोविड काल के मुकदमों की वजह से उनका पासपोर्ट तक जब्त है। खाड़ी युद्ध के चलते इंडस्ट्रियल और कमर्शियल गैस की सप्लाई बाधित होने पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि महंगाई के खिलाफ यह आंदोलन अलीगढ़ से शुरू हुआ है। अगर सरकार ने इसका संज्ञान नहीं लिया तो जल्द ही यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भट्टों में प्रतिबंधित ईंधन पर सख्ती, प्रशासन की निगरानी तेज, पर्यावरण से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त, भट्टा संचालकों को कड़ी चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित ईंट भट्टों पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा है कि स्वस्थ पर्यावरण ही सुरक्षित भविष्य की नींव है। नियमों का पालन कर हम सभी स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन के लिए अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। प्रदूषण नियंत्रण के नियमों के तहत भट्ठों में किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित ईंधन के उपयोग पर पूर्ण रोक लगाई गई है और इसके पालन के लिए लगातार निरीक्षण भी कराया जा रहा है। आरओ पीसीबी डॉ विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में जिले में ईंट भट्ठों का संचालन मार्च से जून के बीच किया जाता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल एवं वायु संबंधी सहमति प्राप्त करने के बाद ही भट्ठों का संचालन अनुमन्य है। वर्तमान में जिले में लगभग 408 ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं, जिन पर पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। डॉ. विश्वनाथ शर्मा द्वारा बताया गया कि भट्ठों को दी गई सहमति में स्पष्ट शर्त है कि किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित ईंधन जैसे रबर, स्क्रैप टायर, प्लास्टिक, लेदर अथवा अन्य हानिकारक पदार्थ का प्रयोग नहीं किया जा सकता। साथ ही आमजन से भी अनुरोध किया गया है कि यदि कहीं पर्यावरण मानकों का उल्लंघन दिखाई दे तो इसकी सूचना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर प्रदूषण पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, दो घायल, गुस्सायें लोगों का डंपर आग लगाने का प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी अंतर्गत 10 मार्च को खैर बाईपास स्थित महिन्द्रा एजेन्सी के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। एक छात्र की मृत्यु होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंपर को कब्जे में ले लिया गया। धनंजय सिंह, सीओ नगर द्वितीय बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बन्नादेवी के रामनगर निवासी सनी पुत्र महेंद्र कुमार हाईस्कूल का छात्र था। वह मोहल्ले के ही लकी व नैतिक के साथ 10 मार्च को बाइक से खैर बाईपास पर परीक्षा देने जा रहा था। तभी रोरावर अंतर्गत गोमती पैलेस के सामने एक डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में सनी की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक पर सवार अन्य दो छात्र घाायल हो गए। हादसे से गुस्साए स्थानीय लोगों ने वहां पर जाम लगा दिया। लोगों ने डंपर को भी आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस जाम खुलवाने में जुटी हुई है।






# एएमयू एनसीसी कैडेट शिवम सारस्वत का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की 1/8 कंपनी एनसीसी के कैडेट शिवम सारस्वत की भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति हुई है। उन्होंने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद 7 मार्च को प्रतिष्ठित रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी में कमीशन प्राप्त किया। 21 वर्षीय लेफ्टिनेंट शिवम सारस्वत अपने बैच के सबसे कम उम्र के अधिकारी हैं जिन्हें यह कमीशन प्राप्त हुआ है। वे एक उत्कृष्ट एनसीसी कैडेट रहे हैं। उन्होंने एनसीसी ह्लसीह्व सर्टिफिकेट परीक्षा में अल्फा ग्रेड प्राप्त किया और गोल्ड मेडल भी हासिल किया। अपने एनसीसी कार्यकाल के दौरान उन्होंने वर्ष 2023 में देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी में आयोजित आईएमए अटैचमेंट प्रोग्राम में एनसीसी और एएमयू का प्रतिनिधित्व भी किया। लेफ्टिनेंट सारस्वत ने वर्ष 2021 में एएमयू के मिंटो सर्किल स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और वर्ष 2024 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने यूपीएससी की संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा तथा सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) साक्षात्कार पहली ही कोशिश में उत्तीर्ण किया। एएमयू एनसीसी यूनिट के लायजन अधिकारी कैप्टन फारूक ए. डार ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे एनसीसी और विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। 8 यूपी बटालियन



एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आभास अवस्थी ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि लेफ्टिनेंट सरस्वत भारतीय सेना के मूल्यों को कायम रखते हुए एनसीसी और देश का नाम और ऊंचा करेंगे। कैप्टन नजफ अली खान तथा एएमयू एनसीसी के अन्य अधिकारियों ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। एएमयू में एनसीसी कैडेट के रूप में शुरूआत से लेकर भारतीय सेना में अधिकारी बनने तक लेफ्टिनेंट शिवम सरस्वत की यात्रा को युवाओं और एनसीसी कैडेटों के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

**तैयारी** — भारतीय नववर्ष अभिनन्दन कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारी -भुवनेश आधुनिक

# भारतीय नव वर्ष पर प्रातः सूर्यदेव को जल अर्पण के साथ घर-घर लहराएंगी भगवा पताकाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** संस्कार भारती अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार नव सम्वत अर्थात हमारा नववर्ष नवसंवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार 19 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार को प्रारम्भ हो रहा है । संस्कार भारती इस पवित्र दिन का शुभारंभ प्रातः 5.45 बजे भगवान सूर्यदेव को प्रथम किरण के समय जलाभिषेक के साथ करेगी । सूर्यदेव को जलार्पण का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय जवाहर पार्क ( नकवी पार्क) में रहेगा । इस कार्यक्रम में संस्कार भारती बृज प्रांत के अध्यक्ष सी ए संजय गोयल और प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल राज गुप्ता का सानिध्य सभी कार्यकताओं को प्राप्त होगा संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार संस्कार भारती से सम्बध्द सभी कार्यकर्ता व सभी हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता 19 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार को ठीक प्रातः 5 बजकर 45 मिनट पर अपने अपने घरों के पास के पार्कों पर यह जलाभिषेक का कार्यक्रम अपने परिवार के साथ संपन्न करा चन्दन तिलक लगा कर नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करेंगे।

साथ ही भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी कार्यकर्ता संघ शताब्दी समारोह धूमधाम से मना रहे हैं इसी श्रंखला मे नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम भी बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा, संघ को प्रत्येक घर घर तक पहुँचाने के लिए भारतीय नववर्ष के स्वागत में प्रत्येक घर घर रंगोली का आयोजन भी रहेगा । राहगीरों को व सगे सम्बन्धियों को चंदन तिलक लगाकर भारतीय नववर्ष की



शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित कर उसका प्रचार प्रसार करें ।

संस्कार भारती महानगर अलीगढ़ की महानगर अध्यक्ष रुचि गोटेवाल एवं महानगर महामंत्री डा सुनीता गुप्ता के अनुसार नव वर्ष अभिनंदन कार्यक्रम को वृहद रूप प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों मे लगे एवं नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम को जोशो खरोश से मनायें संस्कार भारती बृज प्रांत के अध्यक्ष सी ए संजय गोयल एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल राज गुप्ता के अनुसार सभी हिन्दू अपने घरों में पीले, सिंदूरी, लाल या केसरिया रंग के कपड़े पर स्वास्तिक या ॐ लगा हुआ झंडा अवश्य लगाएं। अगर राम पताका, ॐ पताका या केसरिया झंडा ना मिले तो नारंगी रंग या लाल रंग के कपड़े को ध्वज पताका की तरह फहरायें, नववषारंभ त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाएं और अपनी संस्कृति की रक्षा करेंगे ऐसा प्रण करें। रात्रि में सभी घरों पर 5 दीपक या 11 दीपक अवश्य जलाएं इस अवसर पर नववर्ष अभिनन्दन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्कार भारती बृज प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष संजय गोयल सी ए ने भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , अनिल राज गुप्ता, रुचि गोटेवाल, डॉ इंदिरा अग्रवाल, डा सुनीता गुप्ता, सुनयना गुप्ता, पवन जिंदल, बबिता अग्रवाल, दुर्गेश वार्ष्णेय , रमा वार्ष्णेय ,उषा वार्ष्णेय, डॉ अनुपम राघव, निशा गुप्ता, अर्चना वार्ष्णेय , पूनम विशन वार्ष्णेय आदि को जिम्मेवारी सौंपी है

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के अंतर्राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उषा सूद उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती ने मंच की शोभा बढ़ाई।



कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री चंद्रकला शर्मा द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। इस अवसर पर दो वरिष्ठ कवयित्रियों डॉ. सुमन मल्होत्रा और उषा सूद को हिंदी साहित्य में विशेष योगदान के लिए महादेवी वर्मा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शशिकला पाण्डेय, दीपा शर्मा और आशा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आई करीब 35 कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम लगभग चार घंटे तक चला।
समारोह के अंत में अध्यक्ष बीना गोयल ने सभी आमंत्रित रचनाकारों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बीआईएस की नीतियां उपभोक्ता अधिकारों की संरक्षक : छवि भटनागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा के अंतर्गत नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के द्वारा आज पुलिस लाइन सभागार में वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त पुलिस थानों की

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में हुआ महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन**

महिला उप निरीक्षक व महिला आरक्षियों को सहभागी बनाकर मानकों एवं गुणवत्ता के महत्व पर आधारित भारतीय मानक ब्यूरो की नीति व कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वामा सारथी की जिला उपाध्यक्ष छवि भटनागर ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की नीतियां उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण करती है, इसलिए महिलाओं को विशेषकर इसके प्रति जागरूक होकर एक सशक्त उपभोक्ता बनना चाहिए तथा बाजार में सतर्कता से खरीदारी करनी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं नवदीप संस्था के परियोजना संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो बाजार में वस्तु की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण भी





करता है। इसलिए महिला उपभोक्ताओं को इन अधिकारों की जानकारी विशेष रूप से होना जरूरी है। उन्होंने प्रयोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं पर आईएसआई मार्क, सोने व चांदी के के जेवरों पर लगने वाले हॉल मार्क तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान पर लगने वाले सीआरएस मार्क की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आम जनता को सोने व चांदी के जेवरों की खरीद में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए हॉल मार्किंग के प्रति जागरूकता लाने पर बल दिया। ताकि प्रत्येक उपभोक्ता को सोने व चांदी के जेवरों पर एचयूआईडी हॉल मार्किंग के रूप में शुद्धता की पहचान हो सके तथा इसकी मांग बढ़ने पर ज्वैलर्स भी बीआईएस के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकृत होकर शुद्ध हॉल मार्किंग ज्वैलरी ही अपने ग्राहकों को बेचें। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को बीआईएस केयर एप के विषय में भी जानकारी देते हुए कहा कि यह बाजार में वस्तु पर लगे गुणवत्ता चिन्ह की सत्यता को जांचने में एक विशेषज्ञ के जैसे काम करता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने स्मार्टफोन में बीआईएस केयर एप डाउनलोड करना चाहिए। क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान ने कार्यक्रम को विधिक रूप से भी अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर मुख्य अतिथि छवि भटनागर एवं क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान को संस्था की ओर से भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से सशक्त महिला के रूप में पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर-के सम्मानित भी किया गया। आयोजन में सहयोग के लिए रिजर्व पुलिस निरीक्षक महेश चंद्र थपलियाल को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो के मानक प्रोन्नति अधिकारी आयुष राज, नवदीप संस्था की कार्यक्रम संयोजक मिलिंद रानी समेत जिले के समस्त पुलिस थानों की महिला उपनिरीक्षक एवं आरक्षी उपस्थित रहीं।

# ब्रजघाट टोल हटाने को लेकर तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका सीमा से अवैध टोल प्लाजा हटाने जाने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर तहसील प्रांगण में क्रमिक

- **समाजसेवी सहित दो लोगों ने अन्न व जल का त्याग किया**
- **हमें अनशन से जबरदस्ती हटाया,तो वह आत्मदाह कर लेंगे:पंकज**

अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया।
मंगलवार को अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के प्रथम दिन समाज सेवी पंकज लोधी के सहयोगी एडवोकेट बबलू सहगल ने अन्न जल का त्याग



किया। जिसको भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा एवं भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष अमित त्यागी ने सामूहिक रूप से जूस पिलाकर खुलवाया।
भाकियू नेता दिनेश खेड़ा ने कहा टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारी संतुष्टीकरण जवाब नहीं दे पा रहे है। 2012 में पीडी ने ब्रजघाट को गांव दर्शा दिया था,उसके उपरांत गढ़ नगर पालिका सीमा से टोल प्लाजा 3.9 किलोमीटर दशार्या गया एवं उसके उपरांत आरटीआई में मंत्रालय द्वारा छीजारसी टोल प्लाजा से मुरादाबाद की तरफ को पड? वाला पहला टोल प्लाजा 59 किलोमीटर की दूरी पर प्रस्तावित स्थापित दशार्या गया,जबकि वर्तमान में यह मात्र 51 किलोमीटर की दूरी पर है,जो की 8 किलोमीटर की दूरी कहां पर है नहीं दे पा रहा,सही वहीं अनशनकारियों ने भी ऐलान कर दिया कि यदि जबरदस्ती उनको हटाया जाता है,तो वह आत्मदाह कर लेंगे,क्षेत्र में जनता के बीच में समस्त वार्ता की जाएगी किसी बंद कमरे में वार्ता नहीं की जाएगी।
इस मौके पर शौर्य फाउंडेशन के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा,विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर अध्यक्ष सनोज पवार,संयोजक लकी राणा,जय सिंह राणा,राजरानी,मुन्नी देवी,उमेश लोधी, शोभित गर्ग,रविंद्र,प्रदीप भाटी, राजवीर शास्त्री,सिद्ध सिंह,राजेंद्र नगर, अंकित शर्मा,मोहित प्रजापति, अशोक त्यागी एडवोकेट,ललित कुमार आदि समेत मौजूद रहे।


# श्री राम कथा में संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने किया भगवान शिव की महिमा का वर्ण





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित श्री राम कथा के दौरान संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आस्था और विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव तीनों लोकों के गुरु माने जाते हैं और उनके आशीर्वाद से ही संसार में ज्ञान व धर्म की स्थापना हुई है। संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि जीवन में किसी भी कार्य को करते समय भगवान पर विश्वास और मंत्रों की शक्ति में आस्था रखना आवश्यक है। जो व्यक्ति भगवान शिव पर पूर्ण विश्वास रखकर अपने कर्म करता है, उसे उसके कार्यों का शुभ फल अवश्य प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सच्चे मन से भक्ति करने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



इस दौरान सुरेश गुप्ता, सुधीर गोयल, चेतन कंसल, हरीश अग्रवाल, विश्व प्रकाश, अमित टांक, रणपाल सिंह, विपिन अग्रवाल, विवेक मित्तल, शौकेंद्र, मास्टर सोहन पाल सिंह, शीशपाल, अजय, कथा वाचक माता प्रमोद शर्मा, डॉ. नमिता गोयल, अजय वीर सिंह, आशीष गुप्ता और मनीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पिलखवा विकास क्षेत्र में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने

- **14500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त,मचा हड़कंप**
- **जनता से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव**

मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से पिलखुवा विकास क्षेत्र के में चार स्थानों पर 14500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही



कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी अमित कादियान ने बताया कि पिलखुवा विकास क्षेत्र में मौहल्ला गढ़ी परतापुर रोड पर विनोद सैनी, अमरू, रवि, पिन्टू, ब्रिजेश कुमार द्वारा 3500 वर्ग मीटर,पबला से रमपुरा रोड पर संजय कुमार द्वारा 3500 वर्ग मीटर,वीआईपी इंटर कालेज के निकट सीताराम सैनी व लोकेश सैनी द्वारा 5000 वर्ग मीटर व मोदीनगर रोड पर राजेश, नरेन्द्र व नितिन द्वारा 2500 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।
उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमाणों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमाणों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।
प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा मार्च माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया जायेगा।

# गांव समाना में गुरुदेव सुशांत तोमर के सानिध्य में लगा श्री बाला जी महाराज मेहदीपुर वाले का होली दरबार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** बाबा वाले हैं हापुड़ का होली दरबार हर वर्ष गांव समाना धौलाना में आयोजित होता है । जिसमें भक्त बालाजी के भजनों पर बाबा का गुणगान करते है । वही आयोजित भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।
रविवार को आयोजित बालाजी दरबार में गुरुदेव सुशांत तोमर ने कहा की ।
...श्री राम नाम ले लो सहारा मिलेगा ,, यह जीवन ना तुम्हें दोबारा मिलेगा......
...बाबा का नाम ले लो सहारा मिलेगा जो डूबे हुए हैं गम में
जिंदगी में उन लोगों को दर पर किनारा मिलेगा.... जय श्री राम गुरु देव ने कहा की जो भी बाबा के दरबार में सच्चे मन से प्रार्थना करता है एवं बाबा के दर्शन कर उसकी जो भी मनोकामना पूर्ण होती है । समाना बालाजी के दरबार में बाबा के





सुंदर भजनों पर श्रद्धालु नाचते झूमते नजर आए । भक्तजन बरेली मुरादाबाद, बृजघाट , मेरठ, जयपुर, दिल्ली, खुर्जा, बुलंदशहर, गुलाबठी , सपनावत , हापुड , से पधारे । कार्यक्रम में वेद प्रकाश , शलभ, राजू मंत्री, मनोज सिंह, शिवा, मुन्नी देवी, आशा देवी, डिम्पल, नितिन उर्फ मोनू गुप्ता, सुदेश , हनु , पप्पू सिंह, सुंदरलाल , बृजेश गहलोत, सहित समस्त क्षेत्रवासियों ने श्री बाला जी महाराज मेहदीपुर वाले का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया ।

**रोजा इफ्तार पार्टी**

## रोजा इफ्तार जैसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता है:खजूरी

# रोजा इफ्तार पार्टी में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हुए शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** स्वर्गीय डॉ.अब्दुल वाहिद की स्मृति में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी मे उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य,राज्यमंत्री नरेंद्र खुजूरी शहर के मोहल्ला त्रिलोकी पुरम में पहुंचकर शामिल हुए।
कार्यक्रम के संयोजक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन दानिश कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजा इफ्तार पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी,रालोद के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, सीडब्ल्यूसी के मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी,प्रसिद्ध समाज सेवी मुकीत अब्बासी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।
दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नरेंद्र खजूरी ने कहा कि भारत में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्मो के लोग भाईचारे के साथ रहकर एक दूसरे के त्योहार पर भी सम्मिलित होते हैं, रोजा इफ्तार



कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे काफी प्रशंसा हुई। जनपद आगमन पर राज्य मंत्री नरेंद्र खजूरी का भव्य स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता मुकीत अब्बासी व सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी,रालोद के जिलाध्यक्ष चौधरी रविंद्र प्रधान,हेमंत मिश्रा आदि ने अंग वस्त्र व फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।
कार्यक्रम आयोजक डा आमिर ने बताया कि इफ्तार पार्टी के बाद देश में अमन सुकून भाईचारा आदि कायम रखने के लिए दुआ प्रार्थना की गई। इस मौके पर रालोद के प्रदेश सचिव प्रोफेसर अब्बास अली,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान,नगर अध्यक्ष खालिद जिलानी, जितेंद्र कुक्कू, कुणाल गौतम, डा आमिर अब्बासी, डॉ आसिफ आकिब, असलम अब्बासी, शाहिद, नदीम, मौ अहमद, सलाउद्दीन मेवाती,हाजी अय्यूब, कारी शहजाद, डा अरसद सिद्दीकी, डा दिशशाद आदि उपस्थित रहे।

# सपा सुप्रीमो की रैली को सफल बनाने को लेकर श्रवण शर्मा का जनसंपर्क अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 29 मार्च हो दादरी (नोएडा) मेंहोने जा रही समाजवादी समानता भाईचारा रैली को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में सपा के युवा कद्दावर नेता जिला उपाध्यक्ष श्रावण शर्मा आगामी 29 मार्च को दादरी (नोएडा) में समाजवादी समानता भाई चारा रैली को सफल बनाने के लिए धौलाना विधानसभा में गांव गांव जनसंपर्क कर रहे है । सपा सुप्रीमो की रैली को सफल बनाने के लिए रविवार सोमवार,
को श्रवण शर्मा ने धौलाना , गाजियाबाद के दर्जनों ग्रामों में ग्रामीणों के बीच पहुंच आहवान किया है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रवण शर्मा ने बताया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आगामी 29 मार्च को रैली को संबोधित कर विधान सभा चुनाव 2027 का शंखनाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश से करने जा रहे है । इसलिए इस रैली को सफल बनाने और भाजपा के भ्रष्टाचार महंगाई से आम जनमानस को 2027 में मुक्ति दिलाने हेतु लोग अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचे। जिससे लोगों को 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में जनता हितैषी सरकार सपा के रूप में प्राप्त हो सके । बैठक में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# ट्रंप के मूड की तलवार




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते-फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे।

इस बीच अलग-अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

## आज का विचार




# आभासी दुनिया से बचपन को सुरक्षित रखने की पहल



ललित गर्ग

डिजिटल युग में मानव जीवन की गति और स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संचार, शिक्षा, मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का बड़ा हिस्सा अब आभासी माध्यमों के सहारे संचालित होने लगा है। इस परिवर्तन ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। इसी संदर्भ में भारत के तकनीकी रूप से अग्रणी राज्य कर्नाटक ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल करते हुए सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को सामाजिक माध्यमों के उपयोग से दूर रखने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र में यह घोषणा की कि किशोर आयु वर्ग के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कठोर नियम बनाए जाएंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बचाना और उनके स्वस्थ मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। एक अनुकरणीय पहल है, जिससे प्रेरणा लेते हुए अन्य प्रांतों को भी बचपन को सोशल मीडिया के खतरों से बचाने की दिशा में सार्थक उपक्रम करने चाहिए।

कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है। अनेक सर्वेक्षण बताते हैं कि कई देशों में तेरह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन तीन से छह घंटे तक आभासी माध्यमों पर समय बिताते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनकी पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संवाद और शारीरिक गतिविधियों पर पड़ता है। ध्यान और एकाग्रता की क्षमता में कमी आने से अध्ययन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बच्चों का स्वाभाविक बचपन, जो खेलकूद, मित्रता और प्रकृति के साथ




जुड़ाव से समृद्ध होता है, वह धीरे-धीरे कृत्रिम आभासी संसार में सिमटता जा रहा है। इसके अतिरिक्त आभासी माध्यमों के माध्यम से साइबर उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे जाल में फंस जाते हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अनुचित सामग्री भी बच्चों के मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए आभासी दुनिया के बढ़ते प्रचलन पर केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है। हालांकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आते हैं। आज के समय में स्मार्टफोन और विभिन्न अनुप्रयोग शिक्षा और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अनेक विद्यालय असाइनमेंट, सूचना और संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। ऐसे में यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि किसी बच्चे द्वारा किया गया उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से है या सामाजिक उद्देश्य से। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न आयु सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यह सुनिश्चित करना कि कोई बच्चा वास्तव में तेरह या सोलह वर्ष से कम आयु का है, तकनीकी दृष्टि से एक जटिल कार्य है। यदि तकनीकी कंपनियां इस दिशा में सहयोग नहीं करती हैं तो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो सकता है। अनेक परिवारों में एक ही मोबाइल फोन का उपयोग परिवार के कई सदस्य करते हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों तक पहुंच को पूरी तरह रोकना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी इन कठिनाइयों के बावजूद यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाती है। वास्तव में बच्चों को आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण एवं जागरूकता अभियान अपनाना आवश्यक होगा। इसमें सरकारों, विद्यालयों, तकनीकी मंचों और अभिभावकों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सरकारों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियां बनाएं और तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिसमें बच्चों की आयु का सत्यापन प्रभावी ढंग से किया जा सके। विद्यालयों को भी छात्रों को डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका तो सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों के व्यवहार और आदतों का निर्माण परिवार में ही होता है। यदि माता-पिता स्वयं डिजिटल संयम का उदाहरण प्रस्तुत करें और बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, तो आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है। खेलकूद, पठन-पाठन, संगीत, कला और प्रकृति के साथ जुड़ाव जैसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं। यदि बचपन में ही इन सकारात्मक आदतों का विकास किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से आभासी माध्यमों पर निर्भरता से दूर रह सकते हैं।

समाज को भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों के लिए स्वस्थ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सके। आज यह स्पष्ट हो चुका है कि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ डिजिटल अनुशासन की भी आवश्यकता है। तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को समृद्ध बनाना होना चाहिए, न कि उसे मानसिक और सामाजिक संकटों की ओर धकेलना। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण चेतावनी और प्रेरणा दोनों है।

## टी 20 वर्ल्ड कप 2026

हुई करोड़ों ऑखें झर-झर "आनंद" खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम ।

पहाड़ों सी जटिल मुश्किलों को किया चकनाचूर,
राह के नुकीले कॉटों को पूर्ण समर्पण से किया दूर,
विपक्ष की टीम पर एकजुट हो शिकंजा तगड़ा कसा,
खिलाड़ी उतरे सत्य संकल्पित लक्ष्य नजरों में बसा,
कप्तान के निर्देशों पर बढ़ाया जीत की ओर कदम ।

रचा ये स्वर्णिम इतिहास चूमकर मातृभूमि का माथा,
टीम स्प्रीट,धैर्य,आत्मविश्वास की बनी खुबसूरत गाथा,
कई रिकाड्र्स बना घर पर ही विजय का झंडा गाड़ा,
टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों के बड़े अंतर से पछाड़ा,
नीली जर्सी ने वूमेंस डे पर नया इतिहास रचा अनुपम ।

सूर्या,संजू,रिंकू,तिलक,बुमराह,हार्दिक,वरुण,ईशान,
दूबे,अक्सर,अभिषेक,अर्शदीप की जीत ये आलीशान,
पूरा विश्व दे रहा भारतीय क्रिकेट टीम को बधाइयॉं,
बॉटी जा रही गली-मुहल्ले आधी रात को मिठाइयॉं,
अशेष आशीर्वाद, दुआओं की लगी झड़ी झमा-झम ।

हुई करोड़ों ऑखें झर-झर "आनंद" खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम ।



मोनिका डागा आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# शराबबंदी से सामाजिक बदलाव की राह और विकास की नई दिशा

बिहार में लागू की गई शराबबंदी केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का प्रयास है। वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने पूर्ण शराबबंदी लागू करने का साहसिक निर्णय लिया था। उस समय इस फैसले पर व्यापक बहस भी हुई और कई लोगों ने इसे आर्थिक दृष्टि से घाटे का सौदा बताया। फिर भी सरकार ने यह मानते हुए कि समाज और परिवारों की भलाई आर्थिक लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है, इस नीति को लागू किया। आज लगभग एक दशक बाद यह चर्चा फिर तेज हो गई है क्योंकि राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वीकार किया है कि शराबबंदी के कारण बिहार को हर वर्ष लगभग 28 से 30 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद उन्होंने इसे नीतीश कुमार के जीवन का सबसे ऐतिहासिक निर्णय बताया है। दरअसल बिहार जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील राज्य में शराब का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं था बल्कि इसका असर परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति पर भी पड़ता था। लंबे समय तक यह शिकायत रही कि शराब के कारण घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह और आर्थिक तंगी जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं। कई परिवारों में कमाने वाले व्यक्ति की आय का बड़ा हिस्सा शराब पर खर्च हो जाता था जिससे घर की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली जाती थी। इसी पृष्ठभूमि में शराबबंदी को एक सामाजिक सुधार के रूप में देखा गया। सरकार का तर्क था कि यदि शराब पर नियंत्रण लगाया जाए तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और परिवारों को स्थिरता मिल सकती है।

शराबबंदी लागू होने के बाद इसके प्रभाव को लेकर अलग अलग मत सामने आए हैं, लेकिन कई सामाजिक अध्ययनों और अनुभवों से यह संकेत मिलता है कि अनेक परिवारों की स्थिति में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने विशेष रूप से इस नीति का समर्थन किया क्योंकि इससे घरेलू हिंसा के मामलों में कमी आई और परिवारों की आय का उपयोग घर की आवश्यकताओं में होने लगा। कई जगहों पर महिलाओं ने खुले तौर पर यह स्वीकार किया कि शराबबंदी के बाद उनके घरों का माहौल पहले से अधिक शांत और सुरक्षित हुआ है। यही कारण है कि आर्थिक नुकसान की चर्चा के बावजूद सरकार इसे सामाजिक दृष्टि से एक सफल पहल मानती है। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो शराब बिक्री से राज्य सरकारों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। बिहार में भी शराबबंदी लागू होने से पहले उत्पाद विभाग को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये की आय होती थी। शराबबंदी लागू होने के बाद यह आय पूरी तरह बंद हो गई और राज्य को लगभग 28 से 30 हजार करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व नुकसान होने लगा। यह राशि किसी भी राज्य के लिए काफी बड़ी मानी जाती है क्योंकि इससे कई विकास योजनाओं को वित्तीय सहायता मिल सकती थी। इसके बावजूद बिहार सरकार का मानना है कि समाज के दीर्घकालिक हित के सामने इस नुकसान को स्वीकार किया जा सकता है। शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार ने कड़ी कार्रवाई भी की है। मद्य निषेध इकाई और पुलिस विभाग लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वर्ष 2025 में जनवरी से नवंबर के बीच बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। इस दौरान लाखों लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की गई और हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। शराब तस्करी को रोकने के लिए कई बड़े ट्रक और कंटेनर भी पकड़े गए। राज्य की सीमाएं झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से लगती हैं, इसलिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सरकार का मानना है कि यदि कानून का सख्ती से पालन किया जाए तो अवैध कारोबार को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसी बीच बिहार सरकार राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देने की भी कोशिश कर रही है। उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ की बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने निवेशकों को बिहार आने का निमंत्रण दिया और कहा कि राज्य तेजी से बदल रहा है।

**-कांतिलाल मांडोत**

# पृथ्वीराज चौहान, जिसने आततायी मोहम्मद गौरी को सोलह बार जीवन दान दिया

पृथ्वीराज चौहान भारतीय इतिहास मे एक बहुत ही अविस्मरणीय नाम है! चौहान वंश में जन्मे पृथ्वीराज आखिरी हिन्दू शासक भी थे। महज 11 वर्ष की उम्र मे, उन्होने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात दिल्ली और अजमेर का शासन संभाला और उसे कई सीमाओ तक फैलाया भी था, परंतु अंत मे वे राजनीति का शिकार हुये और अपनी रियासत हार बैठे, परंतु उनकी हार के बाद कोई हिन्दू शासक उनकी कमी पूरी नहीं कर पाया. पृथ्वीराज को राय पिथोरा भी कहा जाता था। पृथ्वीराज चौहान बचपन से ही एक कुशल योद्धा थे, उन्होंने युध्द के अनेक गुण सीखे थे. उन्होने अपने बाल्य काल से ही शब्धभेदी बाण विद्या का अभ्यास किया था।

धरती के महान शासक पृथ्वीराज चौहान का जन्म 1149 मे हुआ. पृथ्वीराज अजमेर के महाराज सोमेश्वर और कपूरी देवी की संतान थे। पृथ्वीराज का जन्म उनके माता पिता के विवाह के 12 वर्षो के पश्चात हुआ. यह राज्य मे खलबली का कारण बन गया और राज्य मे उनकी मृत्यु को लेकर जन्म समय से ही षड्यंत्र रचे जाने लगे, परंतु वे बचते चले गए। परंतु मात्र 11 वर्ष की आयु मे पृथ्वीराज के सिर से पिता का साया उठ गया था, उसके बाद भी उन्होने अपने दायित्व अच्छी तरह से निभाए और लगातार अन्य राजाओ को पराजित कर अपने राज्य का विस्तार करते गए।पृथ्वीराज के बचपन के मित्र चंदबरदाई उनके लिए किसी भाई से कम नहीं थे। चंदबरदाई तोमर वंश के शासक अनंगपाल की बेटी के पुत्र थे। उन्होने पृथ्वीराज चौहान के सहयोग से पिथोरगढ़ का निर्माण किया, जो आज भी दिल्ली मे पुराने किले नाम से विद्यमान है। अजमेर की महारानी कपुरीदेवी अपने पिता अंगपाल की इकलौती संतान थी, इसलिए उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह थी, कि उनकी मृत्यु के पश्चात उनका शासन कौन संभालेगा। उन्होने अपनी पुत्री और दामाद के सामने अपने दोहिते को अपना उत्तराधिकारी बनाने की इच्छा प्रकट की और दोनों की सहमति के पश्चात युवराज पृथ्वीराज को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। सन 1166 मे महाराज अंगपाल की मृत्यु के पश्चात पृथ्वीराज चौहान की दिल्ली की गद्दी पर राज्य अभिषेक किया गया और उन्हें दिल्ली का कार्यभार सौपा गया।

पृथ्वीराज चौहान और उनकी रानी संयोगिता का प्रेम आज भी राजस्थान के इतिहास मे अविस्मरणीय है. दोनों ही एक दूसरे से बिना मिले केवल चित्र देखकर एक दूसरे के प्यार मे मोहित हो चुके थे। वही संयोगिता के पिता जयचंद्र पृथ्वीराज के साथ ईर्ष्या भाव रखते थे, तो अपनी पुत्री का पृथ्वीराज चौहान से विवाह



सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

का विषय तो दूर दूर तक सोचने योग्य बात नहीं थी। जयचंद्र केवल पृथ्वीराज को नीचा दिखाने का मौका ढूंढते रहते थे, यह मौका उन्हे अपनी पुत्री के स्वयंवर मे मिला। राजा जयचंद्र ने अपनी पुत्री संयोगिता का स्वयंवर आयोजित किया। इसके लिए उन्होने पूरे देश से राजाओ को आमंत्रित किया, केवल पृथ्वीराज चौहान को छोड़कर। पृथ्वीराज को नीचा दिखाने के उद्देश्य से उन्होने स्व्यंवर मे पृथ्वीराज की मूर्ति द्वारपाल के स्थान पर रखी, परंतु इसी स्वयंवर मे पृथ्वीराज ने संयोगिता की इच्छा से उनका अपहरण भरी महफिल मे किया और उन्हें भगाकर अपनी रियासत ले आए, और दिल्ली आकार दोनों का पूरी विधि से विवाह संपन्न हुआ। इसके बाद राजा जयचंद और पृथ्वीराज के बीच दुश्मनी और भी बढ़ गयी।

आज की पीढ़ी इनकी वीर गाथाओ के बारे मे बहुत कम जानती है..! तो आइए जानते है.. सम्राट पृथ्वीराज चौहान से जुडा इतिहास एवं रोचक तथ्य.......!

(1) पृथ्वीराज चौहान ने 12 वर्ष कि उम्र मे बिना किसी हथियार के खुंखार जंगली शेर का जबड़ा फाड़ डाला था।(2) पृथ्वीराज चौहान ने 16 वर्ष की आयु मे ही महाबली नाहरराय को युद्ध मे हराकर माड़वकर पर विजय प्राप्त की थी।(3) पृथ्वीराज चौहान ने तलवार के एक वार से जंगली हाथी का सिर धड़ से अलग कर दिया था ।(4) महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान कि तलवार का वजन 84 किलो था, और उसे एक हाथ से चलाते थे ..सुनने पर विश्वास नहीं हुआ होगा किंतु यह सत्य है..।(5) सम्राट पृथ्वीराज चौहान पशु-पक्षियो के साथ बाते करने की कला जानते थे ।(6) महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान पूर्ण रूप से मर्द थे । अर्थात उनकी छाती पर स्तंन नही थे ।(8) पृथ्वीराज चौहान 1166 ई. मे अजमेर की गद्दी पर बैठे और तीन वर्ष के बाद यानि 1169 मे दिल्ली के सिहासन पर बैठकर पूरे हिंदुस्तान पर राज किया।(9) सम्राट पृथ्वीराज चौहान की तेरह पत्निया थी । इनमे संयोगिता सबसे प्रसिद्ध है।(10) पृथ्वीराज चौहान ने महमुद गौरी को 16 बार युद्ध मे हराकर जीवन दान दिया था.. और 16 बार कुरान की कसम का खिलवाई थी ।(11) गौरी ने 17 वी बार मे चौहान को धौके से बंदी बनाया और अपने देश ले जाकर चौहान की दोनो आँखे फोड दी थी । उसके बाद भी राजदरबार मे पृथ्वीराज चौहान ने अपना मस्तक नहीं झुकाया था।(12) महमूद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को बंदी बनाकर अनेको प्रकार की पिड़ा दी थी और कई महिनो तक भुखा रखा था.. फिर भी सम्राट की मृत्यु न हुई थी ।(13) सम्राट पृथ्वीराज चौहान की सबसे बड़ी विशेषता यह थी की....जन्मसे शब्द भेदी बाण की कला ज्ञात थी। जो की अयोध्या नरेश "राजा दशरथ" के बाद.. केवल उन्ही मे थी।(14) पृथ्वीराज चौहान ने महमुद गौरी को उसी के भरे दरबार मे शब्द भेदी बाण से मारा था । गौरी को मारने के बाद दुश्मन के हाथो नहीं मरे.. अर्थात अपने मित्र के हाथो मरे.... दोनो ने एक दूसरे को मार लिया.. क्योंकि और कोई विकल्प नहीं था।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — डॉक्टर,आईआईटी सम्बन्धी क्षेत्र में उन्नति करेंगे, बीपी,पाइल्स,अधिक नमक से समस्या होगी, विवाह में विवाद सम्भव हैं।

**वृषभ** — विवाह में अटकलें दूर होगी, रेडीमेड गारमेंट,खिलौना व्यवसाय, प्ले-स्कूल चलेगा, नौकरी में थोड़ा संघर्ष होगा पैसा परिवार के लिए कम पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-61

**मिथुन** — सरकारी कार्य में व्यस्त रहना पड़ेगा,वाहन का चालान हो सकता हैं, भड़कने की नौबत आ सकती है, घर में बेटी का जन्म सम्भव हैं, सही निर्णय ले। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** — मन शांत रखें, सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी बढ़ेगी, शासन-प्रशासन से बातचीत होगी, नौकरी में अच्छा दिन रहेगा, बॉस को प्रभावित करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**सिंह** — प्रशासनिक सेवा,लॉ,राजनीति में है तो सख्ती करेंगे, अपने प्रति विरोध को झेल लेंगे, कालोनाइजर है तो काम में ध्यान रखें, आंखों,चर्म रोग का ईलाज ले सकते हैं।

**कन्या** — मॉडलिंग, फिल्म एनीमेशन, फैशन डिजाइनींग के क्षेत्र में कार्य मिलेगा, किसी चीज के डिस्ट्रीब्यूटर है तो कार्य अच्छा चलेगा।

**तुला** — जीवन में जल्दी कोई अच्छा कार्य होने जा रहा है, उपहार, धन, लग्जरी बढ़ेगी, दांतों को ठीक करवा सकते हैं, नई नौकरी भी मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-81

**वृश्चिक** — विदेश यात्रा कर सकते हैं, विदेशी जीवन साथी भी प्राप्त हो सकता हैं, किसी सम्बन्धी से समबन्ध सुधर सकते हैं, उग्र भाषा का प्रयोग करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-73

**धनु** — जो भी कार्य करेंगे उसमें अपना वर्चस्व रखेंगे, क्रोध उत्तेजना बढ़ेगी, सरकारी कार्य से लाभ होगा, धर्म कर्म कार्य में लगे रहेंगे।

**मकर** — अपने पैसे का मेनेजमेंट करें, दूसरे शहर में बसने का सपना पूरा होगा, जो भी दक्षता है उससे आय होगी, लोगों से मिलना जुलना लाभदायक रहेगा।

**कुंभ** — संगीत ऑर्केस्ट्रा, ब्यूटीशियन, केटरिंग, फूड डिलिवरी कार्य में उन्नति होगी, भाई बहनो में किसी बात पर बहस सम्भव हैं, पैसे की कमी नहीं होगी। भाग्य प्रतिशत-77

**मीन** — जीवन साथी से मतभेद दूर करें, पैसे के लेनदेन में सावधानी रखें, किसी भी कार्य में मेनेजमेंट अच्छे से करेंगे, विवाह के लिए देखने दिखाने की रस्म हो सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-68



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कल्कि धाम किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** कल्कि धाम ऐंचौड़ा कंबोह में मंगलवार को फसल क्रांति किसान मेले के दूसरे दिन बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। मेले में कृषि वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक खेती से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी दे रहे हैं और खेती को लाभदायक बनाने के तरीके समझा रहे हैं। मेले में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि मशीनरी पर मिलने वाली सब्सिडी, सोलर ऊर्जा उपकरणों पर मिलने वाली छूट और फसल बीमा योजना के लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर खेती की लागत कम करने और आय बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. बलराज सिंह ने किसानों को मृदा परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने से फसल की पैदावार बढ़ती है और जमीन की उर्वरता भी बनी रहती है। मेले में किसानों ने विशेषज्ञों से खेती से जुड़े कई सवाल पूछे और नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।




# भारत के उत्थान में महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है: बबीता रानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अधिवक्ता परिषद ब्रज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन स्वामी विवेकानन्द लॉ कॉलेज जरौठी मार्ग गढ़ रोड पर किया गया।

कार्यस्त्र5म में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति बबीता रानी उच्च न्यायालय इलाहबाद खण्डपीठ लखनऊ,विशिष्ट अतिथि डॉ0 अंजू राठी राणा सचिव भारतीय विधिक आयोग विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार,मिताली गोविन्द राव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व रमा दत्त विभागाध्यक्षा हरलाल कॉलेज ऑफ लॉ ग्रेटर नोएडा उपस्थित रही।

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति बबीता रानी को पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा उसके पश्चात अतिथि द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभदीप प्रज्जवलन व सरस्वती वन्दना एवं भारत माता के चित्र पर मालायर्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय परिवार व महिला अधिवक्ताओं द्वारा प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो0 रमा दत्त ने स्त्री के महत्व के विषय में वर्तमान में महिलाओं की स्थिति के विषय में अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिताली गोविन्द राव ने द्वारा बताया कि किसी राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है,जब समाज में स्त्री की उन्नति हो। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति बबीता रानी द्वारा वैदिक काल,मुगल काल एवं स्वचा में महिलाओं की भागीदारी व स्वत्रतन्ता के बाद महिलाओं की स्थिति एवं उनके विकास हेतु मार्गदर्शन किया गया तथा वर्तमान में महिलाओं की न्यायिक क्षेत्र,राजनैतिक क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र व पारिवारिक जीवन में स्थिति के विषय में महिलाओं का उत्साहवर्द्धन किया।

उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं के योगदान में प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी,प्रथम राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल एवं प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला व प्रथम महिला डॉक्टर आनंदी बाई आदि के विषय में बताते हुये उत्साहवर्द्धन किया। कालेज की बीएएलएलबी छात्रा वैशाली सिंह व प्रियांशी जैन व एल0एल0बी0 की छात्रा स्याति निगम व स्वाति शर्मा को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन गीता रानी सिंहल के द्वारा किया गया। इस अवसर न्यायिक मजिस्ट्रेट आभा,साधना सिंह अध्यक्ष जे0जे0 बोर्ड,डॉ0 स्वाति गुप्ता सदस्य जे0 जे0 बोर्ड,डॉ0 पायल गुप्ता,क्षेत्रीय संयोजक विपिन त्यागी,प्रांत उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह तोमर,प्रांत महामंत्री प्रमोद कुमार त्यागी,कोषाध्यक्ष कमल सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पदम सिंह,राष्ट्रीय परिषद सदस्य चन्द्रमोहन,प्रांत मंत्री विचित्र शर्मा,संरक्षक डॉ0 विपिन गुप्ता,जिला महामंत्री अनोद श्रीवास्तव,जिला मंत्री अजय सिंह तोमर,उपाध्यक्ष श्रीमति बीनू जैन व अधिवक्ता माधुरी शर्मा,विमल प्रजापति, सुबोध गोस्वामी डी0जी0सी0 राजस्व, प्रमोद तोमर,अजय सैनी, सौरभ गौड, विवेक गर्ग, कविता सतेन्द्र गौड, विकास त्यागी असौडा, विनीता त्यागी ए0डी0जी0सी0, बलराम तोमर, दीपक बाबू आदि अधि उपस्थित रहें।




# बीएसए कार्यालय में उ.प्र.प्राथमिक शिक्षक संघ ने अनिश्चितकालीन धरना दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में लंबित शिक्षक समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया। साथ समाधान नहीं होने की दशा में आज बुधवार को भी धरना जारी रखने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष देवेंद्र शिशौदिया ने कहा गया की संघ द्वारा उक्त मांगो के समाधान हेतु सितंबर माह में जिलाधिकारी कार्यालय पर भी धरना दिया था,जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा 1 माह में समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिया था। परंतु 6 माह बीत जाने पर भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। इसलिए आश्वासन नहीं ठोस कार्रवाई की जाए तभी धरना समाप्त किया जाएगा। अंशु सिद्धु द्वारा कार्यालयों द्वारा शिक्षक समस्याओं को लंबित रखने के लिए भ्रष्टाचार को कारण बताया। शिक्षक सतेन्द्र शिशौदिया,राजेन्द्र यादव, अमित भाटी, शिवानी,नीरज चौधरी, आनंद सैनी द्वारा शिक्षकों के कार्यों को जानबूझकर लटकाने के मामलों के लिए संबंधित अधिकारी/ कर्मचारियों के उत्तरदायित्व निर्धारण की मांग की। आज बुधवार को विद्यालय समय के बाद भी धरना जारी रहेगा धरने में इशरत अली, रीना चौहान, मधु, सुरेन्द्र सिंह, भगत सिंह, सुनील कुमार,अरुण हूण,संजय, ममता, नाजिम, संजीव, अनंगपाल, अंजू, शिखा, गरिमा, दीप्ति,तुफैल आदि शिक्षक उपस्थित थे।

**शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं करने पर आज भी धरना जारी रहेगा:देवेन्द्र**



# आठ माह से मानदेय ना मिलने से मनरेगा कर्मियों, रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलडिया।** भदपुरा ब्लॉक में कार्यरत मनरेगा के कर्मचारियों रोजगारसेवक कंप्यूटर ऑपरेटर तकनीकी सहायक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों का काफी समय से मानदेय का भुगतान लंबित है सभी मनरेगा कर्मचारी विभाग के कार्य हमेशा करते हैं और सरकार के महत्वपूर्ण कार्य एस आई आर ,क्राफ्ट सर्वे सहित सभी कार्यों को करते हैं लेकिन जुलाई 2025 से अब तक मानदेय न मिलने से दीपावली और होली पर्व में मानदेय न मिलने से परिवार संकट में है साथ ही अन्य कर्मचारियों की तरह समान कार्य के साथ समान वेतन भी दिया जाना चाहिए इन सभी मांगों को लेकर जिलाधिकारी बरेली , मुख्य विकास अधिकारी बरेली को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह पटेल को सौंपा इस दौरान अध्यक्ष सर्वेश कुमार ए पी ओ सुमित सक्सेना वीरेंद्र कुमार सुरभिक कुमार शेखर जितेंद्र पाल इतेन्द्र? सिंह वीरपाल शैलेंद्र कुमार उमा चरण धर्मेंद्र कुमार समेत सभी मनरेगा कर्मचारी, रोजगार सेवक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)

पत्रांक 08/ग्रा0पं0नि0का0/2025-26 दिनांक 07.03.2026

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतदत्त द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मानपुर में 15वॉ वित्त/राज्य वित्त एवं मनरेगा की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने के लिये सामग्री एवं मजदूरी सहित सील बन्द लिफाफे में कुटेशन आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.03.2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत में अपरान्ह 01:00 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिनांक को 02:00 बजे खोली जायेगी। निविदाऐं ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 16.03.2026 की सांय 04:00 बजे क्रय की जा सकती है। पी0डब्लू0डी0 सिचाई विभाग, आर0ई0एस0 में पंजीकृत तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा डालने का अधिकार होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी ग्राम सचिव को होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का स्थल | स्वीकृत प्राक्कलन की धनराशि | 02% धरोहर की धनराशि | निविदा मूल्य रू0 में (18% GST सहित) | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत घर के सामने इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य | 280194 | 5700 | 350 | एक माह |

नोटः-निविदा के संम्बन्ध मे कोई भी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत मानपुर
वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत मानपुर
वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)


# सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति की सच्ची परछाई: गीता पैट्रिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित मोहल्ला गिरधरपुरा में महिला जागृति फाउंडेशन ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। गीता पैट्रिक ने अपने संबोधन ने कहा कि मैं भारत की महान समाज सुधारक, शिक्षिका और नारी शक्ति की प्रतीक सावित्रीबाई फुले वह महान महिला थीं जिन्होंने उस समय समाज में क्रांति की शुरूआत की,जब महिलाओं को पढने-लिखने का अधिकार भी नहीं था।

सावित्री बाई फूले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। उस समय समाज में महिलाओं और दलितों की स्थिति बहुत ही कठिन थी। लेकिन सावित्रीबाई फुले ने इन बंधनों को तोडने का साहस दिखाया। उनके पति ज्योतिबा फूले ने उन्हें शिक्षा दी और आगे बढने के लिए प्रेरित किया। सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार,बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई और विधवा महिलाओं की मदद के लिए भी काम किया। सावित्रीबाई फुले ने समाज को यह संदेश दिया कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो अज्ञानता और भेदभाव को खत्म कर सकती है। इस अवसर प्रमोद कुमार, मुंद्रेश गौतम,नमिता, काजल, बबली गौतम, बरखा, प्रीति, फूलों,शिवानी,मीनू, रिंकी, रेखा आदि उपस्थित रही।



# स्वर्गीय बाबू कन्हैयालाल वाल्मीकि के जन्म दिवस पर पूरे भारत में श्रद्धांजलि सभाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** वाल्मीकि विकास संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय कुमार चौटाला ने आगामी 14 मार्च को महान स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व लोकसभा सांसद स्वर्गीय बाबू कन्हैयालाल वाल्मीकि के जन्म दिवस पर पूरे भारत में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित करने की अपील की है । चौटाला ने कहा कि बाबू कन्हैयालाल वाल्मीकि न केवल एक नेता थे, बल्कि उन्होंने 2943-45 के दौरान राजनैतिक बंदी के रूप में देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। वे 1952 , 1957, 1962, में सांसद के रूप में समाज की आवाज बने। इस अवसर पर सभी सफाई कर्मचारी यूनियनों बहुजन संगठनो, वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवियों, सभी राजनैतिक दलों में वाल्मीकि समाज के नेताओं से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा करके का अनुरोध किया।



# चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु स्वयंसेवक सेविकाओं ने किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल(अब्बास)।** एमजीएम कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (कौशल विकास हेतु युवा) के विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस सड़क सुरक्षा के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में यातायात पुलिस हेड कांस्टेबल सचिन कुमार ने दो पहिया वाहन चलाने वालों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु स्वयंसेवक सेविकाओं को जागरूक किया हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने सड़क सुरक्षा प्रतीक चिन्हों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेमपाल सिंह ने साइकिल में लगे लाल सफेद और पीले रेडियम चिन्हों को समझाया। आकांक्षा सिंह दीक्षा सिंह विशाखा सिंह महक मोहम्मद आतिफ मोहम्मद आमान ने इस संबंध में भी अपने विचार प्रकट किये। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि स्लोगन बोलते हुए हल्लू सराय में एक रैली निकाली।



# उत्तर प्रदेश में आबकारी ई-लॉटरी प्रक्रिया आज से प्रारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप एवं भांग की ई-नवीनीकरण के पश्चात अवशेष कुल 1793 फुटकर दुकानों के आवंटन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया हेतु आवेदन आज से आबकारी विभाग की वेबसाइट प्रारम्भ कर दी गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। आबकारी विभाग द्वारा जारी नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश भर की मदिरा दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा सुगमता सुनिश्चित हो सके। इच्छुक आवेदक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि, आवेदन शुल्क, आवश्यक शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत समकोला वि0ख0 गुलावठी (बुलन्दशहर)

पत्रांक मीमों/ राज्य वित्त/15वॉ वित्त आयोग/2025-26 दिनांक 10.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदत्त द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग व 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार कार्य को कराये जाने हेतु शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 11.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 17.03.2026 सांय 5:00 बजे तक शीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार/फर्मो को अपनी अपनी निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 नम्बर, लेबर सेस पंजीकरण व 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफडीआर जो सचिव **ग्राम पंचायत समकोला** के नाम बंधक होनी चाहिये। निविदा दिनांक 18.03.2026 प्रातः 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान व निविदादाता ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित जानकारी ग्राम सचिव से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | 02 % धरोहर की धनराशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाबू प्रधान जी के घेर से दिनेश के घेर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 115298 | 2306 | 1152 | एक माह |
| 2 | जयवीर सिंह के घर से नरेन्द्र सिंह के घर तक इंटरलोक व नाली निर्माण कार्य | 135280 | 2705 | 1352 | एक माह |
| 3 | कलुआ मिस्त्री के मकान से रफीक मिस्त्री के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 24685 | 493 | 246 | एक माह |
| 4 | करमवीर व धीरज सिंह के घर के पास नाली निर्माण कार्य | 108256 | 2165 | 1082 | एक माह |
| 5 | सामुदायिक भवन में मरम्मत कार्य | 187732 | 3754 | 1877 | एक माह |

**नियम व शर्तेः-**
1. अरेस्ट मनी निविदा डालने के समय एनएससी, एफडीआर पास बुक के रूप में जमा सकती है जो पंचायत के नाम पर बंधक होगी अथवा नगद रूप में जमा की जा सकती है ।
2. कार्य पीडब्लूडी की वशिष्टयों के अनुरूप होगी ।
3. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत की होगी ।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के देय होगी ।
5. ठेकेदार का पंजियन उप श्रमायुक्त बुलन्दशहर के यहाँ होना चाहिये तथा ठेकेदारों को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उप श्रमायुक्त कार्यालय बुलन्दशहर में करना अनुवार्य होगा ।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रूपये का नाम जुडिशियल स्टाम पेपर राशिदी टिकट के साथ लाये।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जायेगी ।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी ।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत समकोला
वि0ख0 गुलावठी जनपद-बुलन्दशहर

**सचिव**
ग्राम पंचायत समकोला
वि0ख0 गुलावठी जनपद-बुलन्दशहर



## कार्यालय ग्राम पंचायत अगौता वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)

पत्रांक 490/ग्रा0पं0नि0का0/2025-26 दिनांक 07.03.2026

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतदत्त द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अगौता में 15वॉ वित्त/राज्य वित्त एवं मनरेगा की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने के लिये सामग्री एवं मजदूरी सहित सील बन्द लिफाफे में कुटेशन आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.03.2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत में अपरान्ह 01:00 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिनांक को 02:00 बजे खोली जायेगी। निविदाऐं ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 16.03.2026 की सांय 04:00 बजे क्रय की जा सकती है। पी0डब्लू0डी0 सिचाई विभाग, आर0ई0एस0 में पंजीकृत तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा डालने का अधिकार होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी ग्राम सचिव को होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का स्थल | स्वीकृत प्राक्कलन की धनराशि | 02% धरोहर की धनराशि | निविदा मूल्य रू0 में (18% GST सहित) | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काली सडक से कालू बंजारा के घर तक यू टाईप नाली/नाला निर्माण कार्य | 309231 | 6200 | 370 | एक माह |
| 2 | मास्टर मुरारी के घर से बिशन गिरी के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 240832 | 4900 | 300 | एक माह |
| 3 | मैन रोड से नजाकत के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 210833 | 4300 | 260 | एक माह |
| 4 | मैंन रोड से साबू के घर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स व नाली निर्माण कार्य | 177435 | 3600 | 220 | एक माह |
| 5 | सुदेशपाल के घर से ऋषिपाल के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 122396 | 2500 | 160 | एक माह |
| 6 | यामीन के घर से डॉ. गफ्फार के घर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स व एल-टाइप नाली निर्माण कार्य | 191221 | 3900 | 240 | एक माह |

नोटः-निविदा के संम्बन्ध मे कोई भी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत अगौता
वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत अगौता
वि0ख0 अगौता (बुलन्दशहर)

# आँवला में The Heritage School का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**आँवला।** नगर में The Heritage School का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी ने किया।
पं.आर.के शर्मा पूर्व विधायक व स्कूल के प्रबन्धक विजेंद्र सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने चाँदी का मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अरविंद यादव जिला पंचायत सदस्य द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुँच कर वहाँ उपस्थित सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में भाजपा सरकार है लेकिन उसके बाद भी हर तरफ अराजकता का माहौल है। किसान महंगाई के कारण फाँसी खा रहा है, बेरोजगार नौकरी के लिए सड़क पर आंदोलन कर रहा है लेकिन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त होती जा रही है और यह बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार महगाई और बेरोजगारी की समस्या से निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में देश और प्रदेश में महिला अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा सरकार में महिलाओं के हितों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर पार्टी के कार्य पूरी निष्ठा के साथ करना होगा और निश्चित ही 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इसलिए सभी साथी इस निरंकुश भाजपा सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जाये। उन्होंने कहा कि आज इस भाजपा सरकार में स्कूल बंद किए जा रहे हैं जिससे गरीब का बच्चा पढ़ाई से बहुत दूर जा रहा है लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि निश्चित ही यह स्कूल इस क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में आशीष यादव, वीरपाल सिंह, ब्रजेश यादव, शुभलेश यादव, अगम मौर्य, मलखान सिंह, भारती चौहान, स्मिता यादव, संगीता पाल, सुनीता पाल, बी. डी वर्मा, शांति सिंह, मोत्शाम सिद्दीकी, पियूस वर्मा, डा. इंद्रपाल सिंह, इंजी. सतेंद्र सिंह यादव, राजेश गौड़, सुनील लोधी, हाजी शब्बीर, जीराज यादव, पदम सिंह, वीरेश शाक्य, अरविंद यादव, शिवम चौहान, आलोक यादव, गुलाम नवी, राजेश यादव, ओमप्रकाश वर्मा, नरवेश यादव, उदेश सिंह, पिंटू सिंह, पुष्पेंद्र यादव, मनोज यादव, हिमांशू, ज्ञानदीप, कोप सिंह, विजय कुमार सिंह, भूपराम मौर्य, अवनीश सिंह, गुड्डू सिंह, सुनील यादव, चमन सिंह, जगन्नाथ सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, विश्वास सिंह, सालिकराम वर्मा, राकेश मौर्य, रामवीर सिंह, नन्हे यादव, विपिन यादव, राजवीर सिंह, नरवेश यादव, राजू, शहरेयार, सलमान, कश्मीर सिंह, सुभाष यादव, हिमांशू, आर. पी लोधी, वीरपाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जन जागरूकता वाहन रैली को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जनपद में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर से जन जागरूकता वाहन रैली को जिला जज विवेक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को लोक अदालत के महत्व एवं उसके लाभों के बारे में जागरूक किया गया तथा लोगों से अपने मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के माध्यम से कराने की अपील की गई।इस अवसर पर जिला जज विवेक ने कहा कि लोक अदालत न्याय प्राप्ति का एक सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है, जहां आपसी सहमति के आधार पर मामलों का त्वरित एवं निःशुल्क निस्तारण किया जाता है।उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से न केवल वर्षों से लंबित मामलों का समाधान सम्भव है, बल्कि इससे पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारा भी बना रहता है। उन्होंने जनपद के नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठाएं।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा के न्यायाधीश / सचिव अभिषेक कुमार व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण से सम्बन्धित मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर से जुड़े मामले, राजस्व वाद तथा अन्य शमनीय आपराधिक मामलों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में वादों के निस्तारण के बाद पक्षकारों को तत्काल न्याय मिलता है और न्यायालय शुल्क भी वापस कर दिया जाता है।



सचिव अभिषेक कुमार व्यास ने आगे बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा द्वारा लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। इसी क्रम में वाहन रैली के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक लोग अपने विवादों का समाधान सुलह समझौते के माध्यम से कर सकें।रैली के दौरान जनपद न्यायाधीश,विवेक, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण लोकेश राय, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,शाकिर हुसैन, विशेष न्यायाधीश शैलजा राठी, हेमलता त्यागी, श्री अरविन्द शुक्ला, नसीमा खानम, ईश्वर सिंह, संजय चौधरी, नाजमीन बानो, ज्योति चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ लकी, चेतना सिंह, अवधेश कुमार तृतीय, गीता गर्ग, मोनिका, सुप्रिया शर्मा, अर्पिता सिंह, रीतू लोहा, अभिषेक चौहान, नसीम अहमद तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक जयवीर सिंह, रितिक चाहल, सितिन चौहान, आशु देशवाल, हर्षित चौहान, अजब सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में युवक के खिलाफ थाने में शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पुलिस से शिकायत की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि युवक द्वारा एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ जातिसूचक शब्दों और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।



भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार की ओर से थाना बनियाठेर पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम देवरखेड़ा निवासी एक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। आरोप है कि वीडियो में जनप्रतिनिधि के खिलाफ जातिसूचक शब्दों और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, जिससे संगठन के कार्यकताओं और पदाधिकारियों में आक्रोश है।
शिकायतकर्ता का कहना है कि इस प्रकार की सामग्री से सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना बनियाठेर पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने माता पिता के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया शादी का निमंत्रण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और बरेली की एसपी अंशिका वर्मा 29 मार्च को करेंगे शादी
संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने माता-पिता के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें अपनी शादी का निमंत्रण दिया। खास बात यह है कि यह शादी दो आईपीएस अधिकारियों के बीच होने जा रही है। संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और बरेली की एसपी अंशिका वर्मा 29 मार्च को विवाह बंधन में बंधेंगे। दोनों के बीच दोस्ती वर्दी की जिम्मेदारियों के दौरान हुई थी, जो समय के साथ गहरी होती गई और अब जीवनसाथी बनने तक पहुंच गई। शादी से जुड़े सभी कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित किए जाएंगे। 27 मार्च को बाड़मेर जिले के धोरीमना गांव में हल्दी और संगीत समारोह होगा। इसके बाद 28 मार्च को बारात सभा आयोजित की जाएगी



और 29 मार्च को विवाह की रस्में संपन्न होंगी। वहीं 30 मार्च को जोधपुर के लारिया रिसॉर्ट में भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षा से वंचित 31 बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस की सराहनीय पहल के तहत शिक्षा से वंचित 31 बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया गया. पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति -5 अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं इसी क्रम में मंगलवार को थाना हसनपुर क्षेत्र में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। थाना हसनपुर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम लुहारी खादर में घर-घर जाकर ऐसे बालक-बालिकाओं को चिन्हित किया गया जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित थे। इस दौरान उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, महिला आरक्षी दिल शेर जहाँ , तथा महिला कांस्टेबल प्रियंका द्वारा बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा चिन्हित किए गए बच्चों को कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय लुहारी खादर ले जाया गया, जहाँ कुल 31 बालक-बालिकाओं की सूची विद्यालय प्रशासन को उपलब्ध कराते हुए उनके नाम विद्यालय में अंकित कराए गए। इस अवसर पर



विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा गर्ग, आशा कार्यकर्ता माया देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री कांता रानी एवं देवकी देवी सहित ग्राम प्रधान एवं ग्राम डीलर का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया। जनपद अमरोहा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु इसी प्रकार के कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# यूपीएससी में सफल उम्मीदवारों को सभासद यासिर अंसारी एड. की मुबारकबाद, कहा-तालीम ही कौम की सबसे बड़ी ताकत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** मोमिन अंसार सभा के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री व नगर पालिका परिषद

**नफरत के माहौल का जवाब शिक्षा और देश सेवा से दिया जा सकता है, तालीम के मैदान मे मुस्लिम नौजवानों से आगे आने की अपील की!**

अमरोहा के सभासद मो. यासिर अंसारी एड. ने यूपीएससी परीक्षा में सफल हुए 52 मुस्लिम उम्मीदवारों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की! उन्होंने कहा कि यह सफलता सिर्फ इन छात्रों की नहीं बल्कि पूरी कौम के लिए गर्व की बात है और इससे हमारे युवा साथियो को आगे बढ़ने मे नई प्रेरणा मिलेगी।उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में मुस्लिम / पिछड़े समाज के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि वे तालीम पर खास ध्यान दें। उन्होंने कहा कि समाज में बदलते हालात के बीच शिक्षा ही वह मजबूत हथियार है, जिसके जरिए मुसलमान अपनी पहचान और क्षमता को साबित कर सकते हैं।
यासिर अंसारी ने कहा कि यदि मुस्लिम युवा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और यूपीएससी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करें, तो वे देश और समाज दोनों की बेहतर



सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने काम, काबिलियत और किरदार के जरिए ही नफरत के माहौल का सकारात्मक जवाब दिया जा सकता है।उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश की सेवा की और पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। उसी तरह आज के युवाओं को भी आगे आकर प्रशासनिक और सरकारी क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनानी चाहिए।उन्होंने खास तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों और पिछड़े तबकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें उच्च शिक्षा के साथ-साथ यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि देश सेवा और सकारात्मक भूमिका ही वह रास्ता है, जिसके माध्यम से मुसलमान खुद को एक सच्चे देशभक्त और देश की तरक्की में भागीदार समुदाय के रूप में पेश कर सकते है।

# अलविदा जुम्मा व ईद पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की मांग, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा जुम्मा और ईदुल फितर के अवसर पर नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी सम्भल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा उपजिलाधिकारी सदर निधि पटेल को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराती है। सरकार का नारा ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व है, इसलिए मुस्लिम समुदाय को भी उम्मीद है कि उनके धार्मिक पर्वों का भी सम्मान किया जाएगा।



उन्होंने मांग की कि रमजान माह के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुम्मा पर सम्भल की शाही जामा मस्जिद और ईदुल फितर के दिन सम्भल ईदगाह पर नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि शासन या प्रशासन अपने खर्च पर यह व्यवस्था नहीं करता है तो मुस्लिम समुदाय स्वयं के खर्च पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराने को तैयार है, जिसके लिए प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसा करने से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जाएगा। इस दौरान जाहिद खाँ, मो. शान, मौलाना नासिर, गुलाम मुस्तुफा, बिलाल खाँ, आरिफ खाँ, जबर सिंह यादव, रामरहिस यादव, गौरव, फैजान शाही, निसार सैफी, कासिम मियां, असलम और मोनिस सहित कई लोग मौजूद रहे।

# दाऊजी मंदिर में 12 मार्च को रायसत्ती मेले का आयोजन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में गुरुवार 12 मार्च को माता पूजन के साथ रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर के ट्रस्टी चौधरी विवेक कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
उन्होंने बताया कि मेले के दौरान मंदिर परिसर में साफ-सफाई और पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहेगा। मेले में ट्रस्टी स्व. चौधरी प्रेम शंकर की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को चौधरी प्रेमशंकर स्मृति ट्रस्ट की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में लगने वाली खेल-खिलौने और चाट-पकौड़ी की दुकानों के लिए भी निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी।

# 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (सम्भल)।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (14 मार्च 2026) के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह ने की।
बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह तथा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ लोक अदालत की तैयारियों और प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई।
माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का सरल, सुलभ और त्वरित निस्तारण करना है।



बैठक में राजस्व संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, श्रम विवाद, बैंक ऋण मामलों सहित अन्य जनहित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाया जाए तथा अधिक से अधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाए। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार और 14 मार्च को अधिकाधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया गया।
बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, एसडीएम चन्दौसी आशुतोष तिवारी, एसडीएम सम्भल निधि पटेल, एसडीएम गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार चन्दौसी रवि सोनकर, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।

**जागरूक** शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत व डॉ. प्रियंका के संयोजन में हुआ

# आपदा प्रबंधन की जानकारी से किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्तदिवसीय शिविर के अंतर्गत मंगलवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पत्रौआ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत व डॉ. प्रियंका के संयोजन में हुआ।





कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. कोमल जुगलान, विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर तथा सहायक अध्यापक शिप्रा व सर्वेश कुमार ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं भावना आर्य, मीनाक्षी, वंशिका रस्तोगी, खुशी व मानवी सिंह ने सरस्वती वंदना, लक्ष्य गीत व आह्वान गीत प्रस्तुत किए।
प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. कोमल जुगलान ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन का उद्देश्य संभावित खतरों को आपदा में बदलने से रोकना तथा जान-माल के नुकसान को कम करना है। इसके अंतर्गत रोकथाम, शमन, तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्प्राप्ति जैसे चरण शामिल होते हैं।
द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया और लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। शिविर के अंत में स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।
कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका ने किया तथा आभार डॉ. शीतल गहलोत ने व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती सीता व श्री मुकेश का सहयोग रहा। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना की।

# मुख्य सड़क बनी तालाब: जलभराव से राहगीर परेशान, जिम्मेदार बेखबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के मोहल्ला देहली दरवाजा के पास मुख्य सड़क पर पिछले कई दिनों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।
स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर भरे पानी से गुजरना मजबूरी बन गया है। स्कूल जाने वाले बच्चे रोजाना इसी पानी से होकर गुजरते हैं, वहीं सिल्वेंजा अस्पताल जाने वाले मरीजों और तीमारदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई दिनों से सड़क पर पानी भरा है, लेकिन अभी तक जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द जलभराव की समस्या दूर कराने की मांग की है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# महावीर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महावीर विश्वविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। शिक्षा विभाग की प्रो. अमृता माहेश्वरी ने स्वागत भाषण देते हुए समाज और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सर्वोत्तम दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान कला एवं मानविकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन बलियान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें नृत्य प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# मेरठ में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 25 दिन बाद ही होगी अगली रिफिल बुकिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आमजन को एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 10 मार्च को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की

**जिला पूर्ति अधिकारी की बैठक में निर्णय, अनाधिकृत गैस बिक्री पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

एलपीजी विपणन व आपूर्ति शाखा के क्षेत्रीय अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि जनपद मेरठ में सभी उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है और गैस का पर्याप्त भंडारण भी उपलब्ध है। इसलिए



उपभोक्ताओं को गैस की कमी की कोई समस्या नहीं है।अधिकारियों ने बताया कि अब उपभोक्ता गैस सिलेंडर की अगली बुकिंग पिछली रिफिल मिलने के 25 दिन बाद ही कर सकेंगे। उपभोक्ता अपने संबंधित अधिकृत एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से मोबाइल या स्मार्ट बुकिंग ऐप से गैस रिफिल बुक करा सकते हैं।जिला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसी या कंपनी के अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या दलाल से गैस सिलेंडर की खरीद-फरोख्त न करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से गैस सिलेंडर की खरीद-फरोख्त या भंडारण करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 100 दिवसीय अभियान के तहत बाल विवाह मुक्ति रथ ने जनपद बागपत में जगाई जागरूकता की अलख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** प्राप्त समाचार के अनुसार भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चलाए गए 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में ह्यबाल

**अभियान के तहत 129 गांवों तक पहुंचे बाल विवाह मुक्ति रथ ने एक लाख से अधिक लोगों को किया जागरूक**

विवाह मुक्ति रथह्न के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण समाज विकास केंद्र के पदाधिकारियों ने कहा कि लोगों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से यह विश्वास मजबूत हुआ है कि बाल विवाह मुक्त बागपत और बाल विवाह मुक्त भारत का






लक्ष्य हासिल करने की दिशा में समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है।जिले में प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए ह्यबाल विवाह मुक्ति रथह्न ने 30 दिनों में 4267 किलोमीटर की यात्रा कर 129 गांवों तक पहुंच बनाई और एक लाख से अधिक लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।इस दौरान लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई और इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।ग्रामीण समाज विकास केंद्र जोकि बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्य कर रहे देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है ने अभियान के दौरान लोगों को बताया कि बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है तथा यह कानून की नजर में दंडनीय अपराध है।ग्रामीण समाज विकास केंद्र के प्रोजेक्ट मैनेजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान केवल एक प्रतीकात्मक यात्रा नहीं बल्कि बदलाव का संदेश लेकर चलने वाला जनआंदोलन था जिसे समाज ने सराहा और स्वीकार किया।

# स्टार्टअप महाकुंभ 5.0 में प्रो. डॉ.वैभव गोयल भारतीय का प्रेरक संबोधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के डीन-अनुसंधान एवं विकास, प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय की गरिमामयी उपस्थिति एवं अतिथि वक्ता के रूप में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें स्टार्टअप महाकुंभ 5.0 - एशिया के सबसे बड़े स्टार्टअप कांग्रेस के पांचवें संस्करण में विशेष रूप से सराहा गया। यह कार्यक्रम इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि), नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम लोकल टू ग्लोबलः टेकिंग इंडियन इनोवेशन टू द वर्ल्ड रही, जिसका उद्देश्य भारतीय नवाचारों को वैश्विक स्तर तक पहुँचाने पर विचार-विमर्श करना था। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर से प्रमुख नवप्रवर्तक, उद्यमी, नीति-निमार्ता एवं शिक्षाविद एकत्रित हुए और भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने तथा वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धी तकनीकों को विकसित करने के विषय पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय ने उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप के विकास पर अपने गहन विचार, समृद्ध शैक्षणिक अनुभव और दूरदर्शी दृष्टिकोण साझा किए। उनके प्रेरक संबोधन ने युवा नवप्रवर्तकों, शोधकताओं और स्टार्टअप संस्थापकों को विशेष रूप से प्रेरित किया।






**वहीं दूसरी ओर एक अन्य समारोह में सुभारती विश्वविद्यालय के छात्र ओम ठाकुर बने सर्वश्रेष्ठ सांसद**

सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के बी.ए. लएल.बी. चतुर्थ वर्ष के छात्र ओम ठाकुर ने एसएस लॉ कॉलेज, जालंधर द्वारा आयोजित प्रथम युवा सांसद 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ सांसद का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में ओम ठाकुर को लोकसभा समिति का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, जिसके लिए आयोग द्वारा उन्हें भारत सरकार के गृहमंत्री श्री अमित शाह का पोर्टफोलियो प्रदान किया गया। छात्र संसद 2026 में बहस का विषय एक राष्ट्र - एक चुनाव (संविधान का 129वां संशोधन विधेयक) रहा।ओम ठाकुर ने



सदन के समक्ष विषय पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत करते हुए इस प्रस्तावित विधेयक के विभिन्न पहलुओं और उसके लाभों से श्रोताओं को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा तथा सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित करना है, जिससे सरकारी खर्च में कमी, नीतिगत स्थिरता तथा समुचित प्रशासनिक व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके। ओम के प्रभावशाली तर्क, स्पष्ट प्रस्तुति और प्रभावी वक्तृत्व कौशल से प्रभावित होकर निर्णायक मंडल ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद घोषित किया। इस उपलब्धि के लिए ओम को रुपए 10,000 का नकद पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ वक्ता की ट्रॉफी प्रदान की गई। ओम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रो. (डॉ.) पी.के. शर्मा, माननीय कुलपति, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ तथा प्रो. (डॉ.) शल्या राज, माननीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) तथा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई, संकाय अध्यक्ष, सुभारती लॉ कॉलेज ने ओम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**साथ ही ईश्वर चंद्र विद्यासागर स्कूल में छात्र परिषद का शैक्षणिक भ्रमण**

सुभारती विश्वविद्यालय छात्र परिषद द्वारा, ईश्वर चंद्र विद्यासागर स्कूल में एक प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) सरताज अहमद तथा एडिशनल डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. श्वेता भारद्वाज भी छात्र परिषद के साथ उपस्थित रहे। इस भ्रमण में छात्र परिषद के सदस्य आकाश, अक्षिता, अक्षीत, पलक, विपाशा, वर्निका, नंदिनी, हरित, प्रिंस, अमरीश, आदी, सिद्धांत और मधुर ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी सदस्यों ने विद्यालय के बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उन्हें प्रेरित करने का प्रयास किया। इस अवसर पर बच्चों को उत्साहित करने के लिए छोटे-छोटे उपहार भी वितरित किए गए।

साथ ही छात्र परिषद द्वारा बच्चों के लिए कंप्यूटर लर्निंग का एक छोटा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान और डिजिटल जागरूकता के बारे में बताया गया। यह पहल सुभारती विश्वविद्यालय छात्र परिषद की सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता और शैक्षिक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है तथा बच्चों पर एक सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रभाव छोड़ गई।

# सरधना में हाईस्कूल परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत परिजनों में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर गांव बुबकपुर के पास मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में हाईस्कूल के एक छात्र की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई।जानकारी के अनुसार इकड़ी गांव निवासी 17 वर्षीय अथर्व दबथुआ स्थित एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मेरठझ्रकरनाल हाईवे पर गांव बुबकपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाकर यातायात सुचारु कराया। बताया जाता है कि मृतक के पिता मनोज त्यागी भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।






बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मां विभा का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# स्वच्छता में योगदान देने वाली महिला स्वयं सहायता समूह को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को उनके कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका की

**सरधना नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान, स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय भूमिका की**

अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।इस दौरान महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वच्छता और सामाजिक विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन नगरी सरधना के ब्रांड एंबेसडर शावेज अंसारी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंकी सोम, पूजा वालिया, सभासद शानू जैन, खालिद अंसारी और राहुल पाल मौजूद रहे।







स्वयं सहायता समूह की सदस्य हुमा कुरैशी, निशा, सना, मोहसिना, शाहजहां और बुशरा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन पिंकी सोम के निर्देशन में किया गया, जिन्होंने महिलाओं को आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह समाज में स्वच्छता और जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

नगर पालिका उनके साथ मिलकर स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर पालिका स्टाफ के विपिन कुमार शर्मा, मनोज कुमार, मनीष कुमार, सोहनवीर सिंह, अरविंद कुमार, रोहित सोम, आस्था छाबड़ा, अजमत, चिंकी सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जल अर्पण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रभात फेरी व वृक्षारोपण के साथ लिया जल संरक्षण का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** विकास खंड मोरना की ग्राम पंचायत शुक्रताल में जल अर्पण दिवस के अवसर पर ह्लपेय जल का समाधान,मेरे गांव की नई पहचानह्व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जल बचाओ,कल बचाओ संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई तथा जल बंधन और जल वंदना कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से जल बचाओ,कल बचाओ जल संकल्प भी लिया।साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत,प्रतिनिधि विधायक विधानसभा मीरापुर, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), जिला समन्वयक डीपीएमयू, डीपीएम टीपीआई, सहायक अभियंता,जूनियर इंजीनियर, परियोजना प्रबंधक कार्यदायी संस्था सहित ग्राम पंचायत के ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएमओ का औचक निरीक्षण,सीएचसी मखियाली व जिला अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्थाएं परखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुनील तेवतिया ने मंगलवार को सीएचसी मखियाली मुख्यालय और जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी सेवाओं का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि सभी मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए और उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार रखा जाए।साथ ही पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने पर भी जोर दिया।इसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण कर







उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएचसी मखियाली में सीएमओ ने ओपीडी,इमरजेंसी कक्ष,दवा वितरण काउंटर,पैथोलॉजी लैब और कोल्ड चेन कक्ष का निरीक्षण किया।

उन्होंने वैक्सीन स्टोरेज,तापमान रजिस्टर तथा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कोल्ड चेन व्यवस्था का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी दवाओं के स्टॉक,ड्रेसिंग बॉक्स तथा चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता और कार्यशीलता की जांच की।

उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए आपातकालीन मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार देने के निर्देश दिए। सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि जनपद के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

**तीसरा अशरा शुरू** | हजार रातों के बराबर इबादत की रात की 'तलाश'

# आज से रमजान का आखिरी और तीसरा अशरा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** माहे रमजान के आखिरी और हजार रातों के बराबर इबादत की रात की आज से शुरू होने वाले इसी आखिरी अशरे में तलाश की जाएगी। मंगलवार की शाम

**अल्लाह को राजी करने का खास तरीका है रमजान**

मगरिब की नमाज के बाद से तीसरा और आखिरी रमजान का जहन्नुम से खलासी का अशरा शुरू हो गया हैं।आखिरी अशरे में एतकाफ की भी पचंदी की जाएगी।रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम की आग से खलासी का मंगलवार को मगरिब की नमाज से शुरू हो गया है।इसमें इबादत करने से लोगों के गुनाह माफ हो जाते हैं। अल्लाह इबादत करने वालों के लिए जन्नत के द्वार खोल देते हैं। इसी अशरे में एतकाफ भी किया जाता है जो गुनाहों के माफ होने का एक बड़ा जरिया है।रमजान में 20वें रोजे के मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करने एतकाफ कहलाता है। कहा जाता है कि जिस व्यक्ति ने दस दिनों का एतकाफ किया उसने दो हज और दो उमरे के बराबर सवाब हासिल किया हदीस शरीफ में है कि जिस बस्ती की मस्जिद में कोई शख्स एतकाफ में बैठकर अल्लाह तआला की इबादत करे तो उस बस्ती के लोगों के गुनाहों को भी माफ कर दिया जाता है। इस्लाम के मुताबिक पूरे रमजान तीन हिस्सों में बांटा गया है। जो पहला, दूसरा और तीसरा अशरा कहलाता है। अशरा अरबी का दस नंबर होता है। इस तरह रमजान के पहले दस दिन पहला अशरा, दूसरे 10 दिन दूसरा अशरा और तीसरे दिन तीसरा अशरा होता है। जिसमें पहला अशरा रहमत का होता है, दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने का होता है।मुफ्ती शाकिर ने कहा कि रमजान के आखिरी अशरे में हजार रातों के बराबर इबादत की रात की तलाश भी की जाती है। जिसे सवेक्ट का नाम दिया गया है। हदीश में बताया गया कि इस रात में इबादत करने का शबाब हजार रात की इबादत के बराबर होता है जो रमजान के आखिरी अशरे में ईद का चांद देखने से पहले तक रहती है।




**इन रात में होती है शब- ए -कद्र की तलाश**

जहन्नुम की आग से खलासी के में शब- ए- कद्र की एक रात की इबादत हजार रात के बराबर मानी जाती है। इन रातों में शब- ए- कद्र की रात की तलाश की जाती है। जिनमें 21, 23, 25 27 व 29 वीं रात शामिल हैं। साथ ही आखिरी अशरे में शबे कद की रात की तलाश करने के लिए 10 दिन तक रोजाना एतकाफ भी पाबंदी मस्जिदों में रहकर की जाती है। इसकी शुरूआत की रमजान की आखिरी अशरे की 20 की रात से शुरू हो जाती है।

**ईद की नमाज से पहले फितरा देना वाजिब**

मौलाना शकील ने बताया कि रमजान के आखिरी अशरे की शुरूआत के साथ ही ईद की नमाज से पहले ही फितरा देना वाजिब है। उन्होंने बताया कि फितरा हर मुसलमान पर लगभग पौने दो किलो अनाज के बराबर देना वाजिब है। जिसे ईद की नमाज से पहले हर हाल में अदा किया कर दिया जाना चाहिए।

# सेंट स्टीफन इंटरनैशनल स्कूल उमरी कलां में शैक्षणिक सत्र परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल उमरी कलां में आज शैक्षणिक सत्र 2025 - 2026 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया' मंगलवार को सेंट स्टीफन इंटरनैशनल स्कूल उमरी कलां में शैक्षणिक सत्र

**परिश्रम ही सफलता की कुंजी : कविता रस्तोगी**

2025 - 2026 का कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ , जिसमे
छात्र छात्राओं को अंक पत्र , मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या कविता रस्तोगी ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक है। क्योंकि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।कभी भी परिश्रम से घबराना नहीं चाहिए। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल उमरी कलां क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो उत्तम शिक्षा प्रदान करता है एवं समय-समय पर विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। मेधावी छात्र जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उनमें कक्षा नर्सरी-ए- में जुबैर100% ,कक्षा- नर्सरी में ईशाल मेराज 100%, कक्षा- एल के जी-ए में आयत 94%, कक्षा- एलजी- बी-में अलीजा 95.6%,कक्षा - 1ए में अरहान 100%, कक्षा - 1 - बी में - अबीरा शाह 97.7% ,कक्षा 2- में अरमान 100% , कक्षा- 3 ए में अलीशा 98.8 % , कक्षा 3- बी में जुनैरा 95.5 % , कक्षा - 4 ए में शिरोज 98 % , कक्षा 4 - बी में इस्माइल 94.3%




,कक्षा - 5 ए में रिफा 99 %,कक्षा -5 बी में फैज 99.83% ,कक्षा - 6 में शाफिया 98.8%, कक्षा - 7 में फहद 96.6% ,कक्षा - 8 में शिफा परवीन 99.83%, अंक प्राप्त स्कूल और अपने
माता - पिता का नाम रोशन किया। सभी मेधावी छात्र अंक- पत्र और मेडल पाकर खुशी से झूम उठे। स्कूल में 100% उपस्थिति में कक्षा - एल के जी में अलीजा, कक्षा - 1ए में आफरीन,कक्षा - 4 ए में रोजी, कक्षा - 5 ए में उजैर और कक्षा -8 में उवैस रहे। स्कूल चैयरमेन जितेंद्र बिश्नोई, ने सभी उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं अभिभावकगण का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर हिमांशु कुमार, हर्ष विश्नोई, आयशा, संजय,मंजू, निशा, भूमिका,रूबी, साक्षी, कनिका,दृष्टि आदि समस्त शिक्षक - शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

## यूपी बना "100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत यूपी ने स्वच्छता के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रदेश 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बन गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के मुताबिक मिशन के पहले चरण में प्रदेशभर में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया। दूसरे चरण में अब तक 57 लाख 25 हजार से अधिक व्यक्तिगत और 59 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं। 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सरकार ग्रामीण स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।




## विभागीय योजनाओं के विषय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विभागीय योजनाओं/क्रार्यक्रम के विषय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम 11 मार्च 2026 को साईं बैंकट हाल निकट नया रोडवेज कांठ में प्रातः 10:00 बजे गोष्ठी का आयोजन होगा' यह जानकारी मंगलवार की शाम खंड शिक्षा अधिकारी शिवम् गुप्ता ने दी है ।

## डायट में "पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन" पुरानी यादों को ताजा किया,डायट प्राचार्य द्वारा "स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में मंगलवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 1992 से 2022 तक के प्रशिक्षुओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन डायट प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक श्रीबुद्धप्रिय सिंह के निर्देशन में किया गया। डीएलएड 2024-25 बैंच की आंचल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की 2023-25 बैंच की प्रार्थना शर्मा और दिव्या शर्मा ने सरस्वती ज्ञान प्रस्तुत करके उपस्थित पुरातन प्रशिक्षुओ का स्वागत किया प्रेरणा राजपूत ने गढ़वाली गाना और जीरा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। ईशा और खुशी बिश्नोई, सबमरीन ने कविता प्रस्तुत की अन्य प्रशिक्षुओ द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गया। पुरातन छात्र सम्मेलन में भारी संख्या में पुरातन प्रशिक्षुओ ने प्रतिभाग किया। पुरातन प्रशिक्षुओ ने भी अपने प्रशिक्षण के समय के विचार रखें और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। अरूण यादव ने बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक बुद्धप्रिय सिंह ने की , मार्गदर्शन वरिष्ठ प्रवक्ता अमरीश कुमार यादव का रहा, कार्यक्रम के संयोजक राशीद अली एवं सहसंयोजक अंशु गुप्ता रही। डाइट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी एवं अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे। सभी छात्र छात्राओं को डायट प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।



## 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी मुक्त भारत अभियान: टीबी पुष्टि होने के 48 घंटे के भीतर उपचार प्रारंभ कर दिया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** होटल, छात्रावासों और भोजनालयों में भोजन बनाने और परोसने वालों के साथ साथ अब स्वास्थ्य विभाग मेडिकल कॉलेज के छात्रों और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों, कर्मचारियों में भी टीबी रोग की खोज करेगा। इस खोज को भी 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी मुक्त भारत अभियान में शामिल किया गया है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान में होटल, छात्रावासों और विभिन्न तरह के भोजनालयों में भोजन पकाने और परोसने वालों, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर कर्मचारियों में टीवी रोग की खोज की जाएगी 'यह हैं टीबी के लक्षण:टीबी के लक्षणों में मुख्य रूप से खांसी, बलगम आना, बलगम में खून आना, भूख कम लगना, वजन घटना, रात में सोते समय पसीना आना, बुखार आना, सीने में दर्द




होना हैं।डीपीपीएमसी मनोज कुमार ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए स्कूलों, सामुदायिक बैठकें कर जनजागरूकता की जाएगी। डीपीसी डॉ. मोहम्मद जावेद ने बताया कि टीबी पुष्टि होने के 48 घंटे के भीतर उपचार प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## कांठ से परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों की बाइक में कार ने मारी टक्कर : तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल, कार चालक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों की बाइक में सामने से एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम भीकनपुर निवासी आकाश पुत्र संजीव,अमन पुत्र सतवीर,चाहत पुत्र सुनील डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ से दोपहर परीक्षा देकर बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। तीनों बाइक सवारों ने एक पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में तेल डलवाया। जैसे ही छात्र तेल डलवा कर आगे बढ़े पूर्व भाजपा विधायक के पेट्रोल पंप के सामने छजलैट मुरादाबाद हाईवे पर सामने से आ रही एक कार ने अपना वाहन लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार तीनों छात्र गंभीर सड़क पर दूर तक खिचड़ते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक चकनाचूर हो गई। कार सवार अपनी कार छोड़कर भागने में सफल हो गए। समीप के अनिका अस्पताल में डॉक्टर परवेज मलिक ने तुरंत तीनों छात्रों को भर्ती कर उनका उपचार कराया। तुरंत प्राथमिक उपचार मिल जाने से छात्रों की जान बच गई। घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंच गई थी। कार सवारों की पुलिस तलाश कर रही है। खबर लिखे जाने तक कर सवार पुलिस की पकड़ में में नहीं आए थे।



## मुरादाबाद में "500 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों में लगेगा आधार कैंप "हजारों बच्चों का आधार होगा अपडेट"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) 500 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूल-कॉलेजों में कैंप लगाएगा। इसके लिए करीब डेढ़ लाख शिक्षण संस्थान चिह्नित किए गए हैं।पांच व 15 साल की उम्र पर आधार कार्ड बायोमीट्रिक अपडेट करवाना अनिवार्य है। ये सुविधा यूआईडीएआई निशुल्क दे रहा है। इसके बावजूद प्रदेश के 2.64 लाख स्कूलों के करीब पौने चार करोड़ विद्यार्थियों का आधार अपडेट बाकी है।
अभी तक यूआईडीएआई करीब एक लाख ऐसे शिक्षण संस्थानों में कैंप लगवा रहा था, जहां विद्यार्थियों की संख्या एक हजार या अधिक थी' यूआईडीएआई के अफसरों ने लोगों से अपील की है कि वह अपने बच्चों के आधार केंद्रों पर जाकर अपडेट करवाएं। इसके लिए उनको कोई भुगतान नहीं करना होगा।




## योगी सरकार का अच्छा फैसला: अब आम नागरिक "सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में बुक करा सकेंगे कमरे"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस की बुकिंग व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग सेवा शुरू की है। इससे जनसामान्य भी प्रदेश के 21 सर्किट हाउस और 334 गेस्ट हाउस में कमरे ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने से कमरों की बुकिंग पहले की तुलना में अधिक आसान, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो जाएगी।इसके लिए विभाग ने एक एकीकृत वेब आधारित सर्किट हाउस सूचना प्रणाली तैयार की है। उपयोगकर्ता को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल टाइम रूम की उपलब्धता डैशबोर्ड और लाइव रूम स्टेटस की जानकारी मिलेगी। इससे यह आसानी से पता किया जा सकेगा कि किस सर्किट हाउस में कितने कमरे उपलब्ध हैं।

**प्रक्रिया आसान और पारदर्शी की गई ऑनलाइन बुकिंग शुरू, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुक कर सकेंगे कमरे**

भुगतान और रिकॉर्ड मैनेजमेंट की व्यवस्था को भी



डिजिटल बनाया गया है। बुकिंग के समय आवेदक को अपना पहचान पत्र या अधिकृत पत्र अपलोड करना होगा। भुगतान ऑनलाइन ही करना होगा। इसके बाद ई मेल तथा एसएमएस के माध्यम से रसीद प्राप्त हो जाएगी। विभाग के मुख्यालय और जिला स्तर पर केंद्रीकृत डैशबोर्ड के माध्यम से सभी बुकिंग और राजस्व की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे राजस्व के नुकसान को रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। सर्किट हाउस के कुछ कमरे वीआईपी दौरे और आपातकालीन सरकारी उपयोग के लिए आरक्षित रहेंगे। शेष कमरे सामान्य व्यक्ति के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे। लोग सर्किट हाउस सूचना प्रणाली की वेबसाइट www.guesthouse.uppwd.gov.in के जरिये कमरे बुक कर सकेंगे। विशेष परिस्थितियों में जिला प्रशासन की अनुमति से ऑन स्पॉट बुकिंग भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा सकेगी। वीआईपी दौरे या प्रशासनिक आवश्यकता पर पहले से हुई किसी बुकिंग को रद्द करने का अधिकार जिला मजिस्ट्रेट को होगा।

## सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक: लघु सिंचाई के अंतर्गत जिनके नलकूप, कोठरी कंप्लीट है उनको सब्सिडी मिलेगी : धर्मपाल बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक मंगलवार को मंडल कार्यालय मुरादाबाद के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। बैठक में पुराने कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें अधिकांश कार्य पूर्ण हुए तथा कुछ कार्य जैसे नलकूप संख्या 240 अ ॠ की पाइपलाइन , शिवपुरी मुंडा पांडे के महाविद्यालय के सामने का पुल निर्माण अति शीघ्र होने की बात कही गई ' इस समय नहर कटिंग और कुलाबे की कोई समस्या नहीं है नहरों को रोस्टर के हिसाब से चलाया जा रहा है। अधिकांश नहरों में 12 मार्च को पानी छोड़ दिया जाएगा ताकि किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सकें।वर्तमान में सभी राष्ट्रीय नलकूप सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं केवल तीन नलकूप यांत्रिक दोष के कारण तथा तीन नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिन्हें एक सप्ताह के अंदर-अंदर ठीक करा कर चलाने का आदेश अध्यक्ष ने दिया। किसानों को सिंचाई के लिए अविराम विद्युत सप्लाई की व्यवस्था की गई है।



डायरेक्ट लाइन को 10 घंटा, ग्रामीण लाइन को 18 घंटा, तथा शहरी क्षेत्र के नलकूप को 22 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है।
सन् 2012 -13 से निशुल्क सिंचाई व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। अतः अपासी की कोई समस्या नहीं है ' लघु सिंचाई के अंतर्गत जिनके नलकूप और कोठरी आदि कंप्लीट हो गए हैं उनके लिए सब्सिडी की व्यवस्था की जा रही है जिससे किसान लाभान्वित होंगे। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई( उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन )ने तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में अधिशासीअभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड मुरादाबाद नीरज कुमार गुप्ता , सहायक अभियंता नलकूप खंड मुरादाबाद कु ङ्क पूजा , सहायक अभियंता नलकूप खंड श्रद्धा भट्ट , लघु सिंचाई से अजय कुमार गौतम , विद्युत अभियंता अम्वरीस कुमार , सहायक अभियंता बाड़खंड रविन्द्र कुमार, सहायक अभियंता अफजलगढ़ राणा मनोरविन्द सिंह, तथा कृषि अधिकारी अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ: सम्भल के कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं को मिला आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )।** बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ-बेटी



पढ़ाओ योजना के तहत मंगलवार को जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल और गुन्नौर में छात्राओं को आत्मरक्षा और योग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया,जिसकी जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने दी।

## भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित "आहार 2026" का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 10 मार्च से 14 मार्च तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित "आहार 2026" उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात को प्रोत्साहन एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व निर्यातकों द्वारा जिलों के प्रमुख उत्पाद एवं जीआई टैग आधारित खाद्य पदार्थ कई देशों के सामने प्रदर्शित कर ऑर्डर लिए जाएंगे। स्टॉलों पर लखनऊ के ऑर्गेनिक पदार्थ, कालानमक, ऑर्गेनिक पदार्थ, उन्नाव के निर्जलित फल
चावल, सोना मोती आटा, बंसी आटा, कोल्ड प्रेस्ड सरसों का तेल, मोरिंगा पाउडर, हल्दी पाउडर प्रदर्शित करके जीआई से पहचान, खासियत और फायदे आदि बताएंगे।इसी तरह उन्नाव के निर्जलित फल, यानी सूखे फल, सब्जी, फूल, मसाला, मशरूम व जड़ी बूटी, आगरा का प्राकृतिक शहद,

**उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात को प्रोत्साहन एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा, ट्रेड-एक्सपो द्वारा पवेलियन में आठ स्टॉल आवंटित किए गए**

अलीगढ़ से आलू का फ्लेवर पाउडर, प्रतापगढ़ का आवला, मुरब्बा और आंवला कैंडी प्रदर्शित किया गया है'प्रदर्शनी के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय को ट्रेड-एक्सपो द्वारा पवेलियन में आठ स्टॉल आवंटित किए गए हैं। जहां, खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए जाएंगे। उद्घाटन के दौरान उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। आयोजन से कृषि निर्यात क्षमता बढ़ाने को प्रोत्साहन मिलेगा। मेरठ की गुड़, गुड़ पाउडर, चावल, सरसों का तेल तो बुलंदशहर से बेबी गाजर, बेबी कट गाजर, जमी कटी हुई गाजर, सेम की फली, कटे आलू, हरी मटर,मीठा मक्का, फूलगोभी की तरह दिखने वाली रंग-बिरंगी ब्रोकली भी स्टॉलों पर सजेगी। इसी तरह नोएडा से ताजा उत्पाद, छोटी मक्का, मिर्च, लौकी, भिंडी, मिक्स सब्जियां व आम, पपीता के डाइस आदि प्रदर्शित किए गए हैं। खाद्य पदार्थों की मार्केटिंग (विपणन) से क्रेता-विक्रेता का सीधे आपस में संपर्क बनेगा।

**हादसा** — मौके पर पहुंचे पुलिस व अधिकारी खेत मालिक व ट्रैक्टर चालक के खिलाफ, मुकदमा दर्ज

# अवैध खनन करते समय ढाग गिरने से दबे दो लोग एक की मौत, दूसरा घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मंगलवार 10मार्च को थाना बहजोई क्षेत्र के गांव किसौली और रफीपुर के जंगल में मिट्टी खोदते समय ढाग गिरने से दो युवक दब गए जिसमें मौके पर एक की मौत हो गई एक गंभीर रूप से घायल हो गया

**इतनी सख्ती के बाद भी अवैध खनन करने बालों के, हौसले बुलंद**

घायल युवक को संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक की हालत गंभीर देखते हुए मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया मृतक के पिता ने बताया गांव के ही कमल सिंह पुत्र होते लाल के ट्रैक्टर पर मजदूरी करने के लिए गया जैसे ही घटना की सूचना गांव में फैली ग्रामीण दौड़े और मिट्टी को हटाकर एक को सुरक्षित निकाल लिया और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल , घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि खेत मालिक और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।
बहजोई क्षेत्र के गांव किसौली निवासी कमल सिंह पुत्र होते लाल और जगदीश पुत्र चंद्रपाल अपने ट्रैक्टरों से चंद्रपाल पुत्र नौबत की खेत से गांव के किसी व्यक्ति का मिट्टी का भराव डाल रहे थे इसी ट्रैक्टर पर बुद्ध सेन और सुनील मजदूरी करने के लिए गए थे ट्रॉली में मिट्टी भरते समय ढाग ऊपर गिर गई जिसमें दोनों युवक दब गए घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग दौड़े बड़ी मुश्किल के साथ दोनों को मिट्टी से बाहर निकाला मौके पर ही बुद्ध सेन पुत्र महिपाल उम्र 19 वर्ष की मौत हो गई और सुनील पुत्र भूदेव गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों सुनील को निजी वाहन से संभल के अस्पताल में भर्ती कराया जहां सुनील की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार कहा की मिट्टी खेत से कम उठाओ पर इन्होंने ग्रामीण की नहीं मानी और 8 फीट गहराई से मिट्टी उठाकर भराव डाल रहे थे।









# जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में बनाई पहचान, साउथ ही नहीं बॉलीवुड में भी श्रद्धा दास ने छोड़ी छाप

फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से आकर अभिनय की दुनिया में नाम कमाया है। ऐसी ही एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं श्रद्धा दास, जिन्होंने पत्रकारिता की डिग्री हासिल की, लेकिन किस्मत उन्हें एक्टिंग की ओर ले आई।आज वह साउथ सिनेमा का जाना-माना चेहरा हैं और बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

1987 को मुंबई के एक बंगाली परिवार में जन्मीं श्रद्धा ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ मास मीडिया (जर्नलिज्म) की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें अभिनय का शौक हो गया। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों जैसे पीयूष मिश्रा और चितरंजन गिरी जैसे एक्टर्स के साथ थिएटर वर्कशॉप की, थिएटर में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। श्रद्धा ने साल 2008 में तेलुगू फिल्म सिद्धु फ्रॉम सिकाकुलम से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें वह अभिनेता नरेश के साथ नजर आईं। यह उनका साउथ डेब्यू था। तेलुगू के बाद उन्होंने तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया। साउथ में वह आर्या 2, डार्लिंग, नागावल्ली, और गुंटूर टॉकीज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, कई फिल्मों में उन्हें सीक्वल क्वीन का टैग भी मिला, क्योंकि वह कई सीक्वल में नजर आईं।

श्रद्धा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साउथ और बॉलीवुड दोनों में मजबूत जगह बनाई। मॉडलिंग से शुरूआत करने वाली श्रद्धा ने एक्टिंग ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया। वह चुलबुली, तेज और रोमांटिक रोल्स में बखूबी जंचती हैं। श्रद्धा के बॉलीवुड में काम की बात करें तो उन्होंने डेब्यू साल 2010 में फिल्म लाहौर से किया, जिसमें उन्होंने इदा का किरदार निभाया था। इसके बाद दिल तो बच्चा है जी, लकी कबूतर, सनम तेरी कसम, ग्रेट ग्रैंड मस्ती जैसी फिल्मों में काम किया।

सनम तेरी कसम में उनका किरदार दर्शकों को खासा पसंद आया। फिल्म में उनके किरदार का नाम रूबी रहता है। बॉलीवुड में वह सपोर्टिंग रोल्स में ज्यादा नजर आईं, लेकिन अपनी खूबसूरती, तेज-तर्रार अंदाज और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के बीच प्रभाव छोड़ा। श्रद्धा दास अब तक 50 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में हैं।बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही श्रद्धा एक शानदार डांसर भी हैं, जो उनके परफॉर्मेंस को और आकर्षक बनाता है। फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज और टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

# द केरला स्टोरी 2 ने नौवें दिन किया बॉक्स ऑफिस पर धमाका, कर डाली इतनी कमाई

द केरला स्टोरी 2 रिलीज से पहले से ही खबरों में हैं. फिल्म अपने कंटेंट की वजह से विवादों में रही. फिल्म को एजेंडा फिल्म बताया गया. द केरला स्टोरी को ठीक-



ठाक रिव्यू मिले हैं. अब बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के कलेक्शन में ग्रोथ देखने को मिल रही है. आइए डालते हैं द केरला स्टोरी 2 के कलेक्शन पर नजर.


सैकनिल्क के मुताबिक, द केरला स्टोरी 2 ने दूसरे शनिवार को 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के दूसरे शनिवार के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल सामने नहीं आए हैं. लेकिन अगर फिल्म ने नौवें दिन 3.75 करोड़ की कमाई की है. तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 29.40 करोड़ हो गया है. फिल्म को नौवें दिन 15.13 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. मॉर्निंग शोज में फिल्म को 8.03 परसेंट, दोपहर के शोज में 14.24 परसेंट, शाम के शोज में 14.82 परसेंट और रात के शोज में 23.44 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली।

बता दें कि द केरला स्टोरी 2 ने सिर्फ 75 लाख से ओपनिंग की थी. लेकिन दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 520 परसेंट की ग्रोथ दिखी. फिल्म ने 4.65 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन फिल्म ने 4.75 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. पांचवें दिन फिल्म ने 4 करोड़ कमाए. छठे दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ का बिजनेस किया. सातवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया. पहले हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन 22.9 करोड़ रहा. आठवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ कमाए थे.

इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह ने डायरेक्ट किया है. फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में उल्का गुप्ता, अदिती भाटिया, ऐश्वर्या ओझा, सुमित गहलावत और अर्जुन सिंह औजला लीड रोल में हैं. फिल्म में तीन ऐसी लड़कियों की कहानी दिखाई गई है, जिन्हें दूसरे धर्म के लड़कों से प्यार होता है और वो घरवालों के खिलाफ जाकर शादी कर लेती हैं. इसके बाद वो अपनी जिंदगी में परेशानियों का सामना करती हैं।

# दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा, मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया

फिल्मी दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉड्र्स 2026 में दो बड़े अवॉड्र्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया। अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉड्र्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच



में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है।

मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है। मैंने अपने पापा के इस सपने को जिया है। अनीत ने पंजाबी भाषा में अपने पापा से कहा, अब आपका सपना आपकी बेटी के जरिए पूरा हो गया है।

जब आप कहते थे कि मैं अपना सपना तुम्हारे जरिए जी रहा हूं, तो मुझे एहसास होता था कि मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पापा के सपने को भी साकार कर रही हूं। स्पीच में अनीत पड्डा ने आगे कहा, मैं अपनी जिंदगी में कभी इतनी खुश नहीं हुई हूं। पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और आपकी वजह से ही आज इस मुकाम पर हूं।

उन्होंने आगे फिल्मों को लेकर कहा, जब लोग फिल्मों और शोज में किसी कलाकार के अभिनय पर तालियां बजाते हैं, तो वह तालियां सिर्फ उस अभिनेता के लिए नहीं होतीं। असल में यह तालियां उस कहानी के लिए होती हैं जो स्क्रीन पर दिखाई जा रही होती है, और वह कहानी लोगों की जिंदगी और उनके अनुभवों से जुड़ी होती है। मुझे गर्व है कि मैं इन कहानियों और किरदारों का हिस्सा बनकर दर्शकों तक भावनाएं पहुंचा पा रही हूं।

# ग्रीन टी पीते समय न करें ये 5 गलतियां, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

ग्रीन टी को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है क्योंकि यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। हालांकि, कई लोग इसे पीते समय कुछ गलतियां कर देते हैं, जिनसे इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता। कई लोग ग्रीन टी का सही तरीके से सेवन नहीं करते हैं, जिससे उन्हें उससे उतना लाभ नहीं मिल पाता। आइए जानते हैं कि ग्रीन टी का सेवन करते समय किन-किन गलतियों से बचना चाहिए।



**बहुत गर्म ग्रीन टी पीना**

बहुत गर्म ग्रीन टी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपके गले और पेट में जलन हो सकती है। इसके अलावा यह आपके खाने को पचाने की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकता है। ग्रीन टी को हमेशा हल्का गर्म या सामान्य तापमान पर ही पिएं। ऐसा करने से आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए ग्रीन टी को हमेशा सामान्य तापमान पर ही पिएं।

**खाली पेट ग्रीन टी न पिएं**

खाली पेट ग्रीन टी पीने से आपके पेट में एसिड बढ़ सकता है, जिससे जलन या गैस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा खाली पेट ग्रीन टी पीने से खाने को पचाने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। हमेशा थोड़ी मात्रा में कुछ खाने के बाद ही ग्रीन टी का सेवन करें। इससे आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**चीनी या दूध मिलाकर पीना**

ग्रीन टी में चीनी या दूध मिलाकर पीने से उसके प्राकृतिक गुण कम हो सकते हैं। चीनी मिलाने से कैलोरी बढ़ जाती हैं और दूध मिलाने से उसकी पचने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। ग्रीन टी को बिना किसी मिलावट के ही पीना चाहिए ताकि उसके सभी लाभ मिल सकें। इसके अलावा बिना किसी मिलावट के पीने से आपको इसकी असली मिठास का अनुभव होगा और यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होगा।

**ज्यादा मात्रा में सेवन करना**

कुछ लोग यह मानते हैं कि जितनी ज्यादा मात्रा में वे ग्रीन टी का सेवन करेंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा फायदा होगा। यह धारणा गलत है क्योंकि ज्यादा मात्रा में ग्रीन टी पीने से उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए दिन में 2 से 3 कप से ज्यादा ग न पिएं। इससे आपको स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हमेशा संतुलित मात्रा में ही पिएं।

**लंबे समय तक छोड़ देना**

कई लोग अपनी ग्रीन टी की पत्तियों को लंबे समय तक छोड़ देते हैं, जिससे उनमें मौजूद पोषक तत्व कम होने लगते हैं। इसके अलावा ग्रीन टी की पत्तियां खुली छोड़ देने पर उनमें नमी आ जाती है, जिससे उनमें फफूंद लगने लगती है। इसलिए ग्रीन टी की पत्तियों को हमेशा एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके रखना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने से पहले उनकी समाप्ति तिथि जरूर चेक कर लेनी चाहिए।

# हिचकी से परेशान हैं ? इन 5 असरदार घरेलू नुस्खों को आजमाएं



हिचकी एक आम समस्या है, जो कभी भी हो सकती है। यह अक्सर अचानक से आती है और कई बार बहुत परेशान करती है। हिचकी आने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि तेज खाना, ठंडा पेय पीना या पेट का फूलना। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप हिचकी को तुरंत रोक सकते हैं और इससे राहत पा सकते हैं।

**नींबू का उपयोग करें**

नींबू का खट्टा स्वाद दिमाग को उत्तेजित करता है और हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। एक छोटे से नींबू का रस निकालकर उसे धीरे-धीरे पीएं या फिर नींबू के टुकड़े को चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें सक्रिय हो जाएंगी और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा नींबू का सेवन पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस भी कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है।

**चीनी का सेवन करें**

चीनी का मीठा स्वाद भी हिचकी रोकने में मदद कर सकता है। एक चम्मच चीनी को मुंह में डालकर धीरे-धीरे चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा चीनी का सेवन ऊर्जा भी देता है और आपकी मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी की समस्या जल्दी खत्म होती है। यह एक सरल और असरदार घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।

**ठंडा पानी पिएं**

ठंडा पानी पीने से भी हिचकी जल्दी रुक सकती है। ठंडा पानी पेट को ठंडा करता है और मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी बंद हो जाती है। इसके अलावा ठंडा पानी पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है। एक गिलास ठंडा पानी धीरे-धीरे पिएं ताकि यह आपकी गले की नसों पर सही तरीके से असर कर सके।

**सेब के सिरके का प्रयोग करें**

सेब के सिरके का खट्टा स्वाद भी हिचकी रोकने में काम आ सकता है। एक चम्मच सेब का सिरका एक गिलास पानी में मिलाकर पीने से आपकी जीभ की नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है। इसके अलावा सेब का सिरका पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है। यह एक सरल और असरदार घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।

**ठंडी चीजें गले पर लगाएं**

गले पर ठंडी चीजें लगाने से भी हिचकी रोकने में मदद मिलती है। बर्फ का टुकड़ा या ठंडा कपड़ा अपने गले पर हल्के से रगड़ें, इससे नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है।

इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से अपनी हिचकियों से राहत पा सकते हैं। अगली बार जब आपको हिचकी आए तो इन नुस्खों को आजमाएं और देखें कि इनमें से कौन सा आपके लिए सबसे असरदार है।

# सार्वजनिक मार्ग पर पशु बांधने का मामला डीएम तक पहुंचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मोदीनगर (अनवर खान)।** सार्वजनिक रास्ते में पशु बांधने और नहलाने से उत्पन्न हो रही समस्या को लेकर राधा कृष्ण विहार निवासी प्रवीण कुमार त्यागी ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। शिकायतकर्ता के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने जिलाधिकारी को बताया कि राधा कृष्ण विहार निवासी एक व्यक्ति अपने घर के बाहर सार्वजनिक रास्ते पर पशु बांधता और उन्हें नहलाता है, जिससे मार्ग पर गोबर और गंदगी फैल जाती है। इसके कारण रास्ते से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पशुओं को नहलाते समय पानी और कीचड़ के छींटे राहगीरों के कपड़ों पर पड़ जाते हैं, जिससे लोगों में रोष है। पीड़ित का आरोप है कि जब इस संबंध में संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक मार्ग पर पशु बांधने और नहलाने से मना किया जाता है तो वह गाली-गलौच करते हुए अभद्र व्यवहार करता है तथा कार्रवाई न होने की धमकी देता है। इस मामले में पूर्व में पालिका प्रशासन को भी शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने जिलाधिकारी से अधिशासी अधिकारी मोदीनगर को निर्देशित कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। राजेंद्र कौशिक के मुताबिक डीएम ने समस्या का शीघ्र समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक द्वारा जिलाधिकारी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# आलू का एमएसपी घोषित करने समेत कई मांगों को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र के आलू किसान इस समय गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। खराब मौसम, झुलसा रोग, नकली खाद-बीज की समस्या, कोल्ड स्टोरेज संचालकों की मनमानी और आलू पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) न होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों को लागत तक नहीं मिल पा रही है, जिससे वे आलू को खेत में ही जोतने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2000 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने और सरकारी खरीद शुरू कराने की मांग की। इसके अलावा ज्ञापन में जनपद सम्भल की तहसील चन्दौसी में वर्ष 2004 से लंबित चकबंदी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने तथा चकबंदी के दौरान हुए गैर-विवादित विरासत नामांतरण (दाखिल-खारिज) को मान्य करने की मांग की गई, ताकि आम लोगों को अनावश्यक रूप से तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

भाकियू पदाधिकारियों ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मिड-डे मील योजना के राशन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों, खड़ंजों और रास्तों की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि जलभराव और कीचड़ के कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है।

किसानों ने ग्राम पंचायतों में सफाई और सड़क निर्माण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

# दिल्ली पुस्तकालय संघ का 88वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय गांधी भवन में दिल्ली पुस्तकालय संघ का 88 वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ

**के पी सिंह जैसे कर्मयोगी जीवन में बहुत कम मिलते हैं:-प्रो.आर के भट्ट**

हुआ।डीएलए के अध्यक्ष,गांधी भवन के निदेशक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो.के.पी. सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया।अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. प्रेम सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रो.एस आर रंगनाथन जैसे व्यक्तित्वों की कर्मठता के कारण आज हम पुस्तकालय विज्ञान विभाग को जान पाए हैं। गणित के प्रोफेसर होने के बाद भी प्रो.रंगनाथन जी की पुस्तकालय विज्ञान विषय को लेकर जो निष्ठा थी उसको शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।विश्वविद्यालय पुस्तकालयों के बिना अधूरे हैं।विश्वविद्यालय पुस्तकालयों से ही आगे बढ़ सकते है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के आरंभ के समय से 1960 के दशक तक की पुस्तकालय विज्ञान विभाग एवं पुस्तकालय की यात्रा का संस्मरण याद करते हुए उनको जीवंत किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से 1957 में दिल्ली विश्वविद्यालय में




केंद्रीय पुस्तकालय का निर्माण संभव हुआ।41605 पुस्तकों से 3 लाख पुस्तकों के संकलन तक का ऐतिहासिक समय 1965 तक रहा।उन्होंने प्रो. एस.दासगुप्ता के योगदान को भी स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष,प्रो. आर.के भट्ट ने सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा प्रो.के पी सिंह जैसे कर्मयोगी जीवन में बहुत कम मिलते हैं। स्व प्रेरणा से आगे बढ़ने की जिजीविषा,कर्मठता इनके व्यक्तित्व को अति विशेष बनाती है। प्रो. के पी सिंह दिल्ली पुस्तकालय संघ की आज की प्रगति के भी परिचायक हैं।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन( अकादमिक गतिविधि) प्रो.के.रत्नावली ने अपने संबोधन में सबसे पहले डीएलए का आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रो.के.पी.सिंह की कर्मठता की प्रशंसा की। पुस्तकालय एक संस्थान के रूप में विकसित हों यही कामना है`उन्होंने दिल्ली पुस्तकालय संघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। तत्पश्चात दिल्ली पुस्तकालय संघ का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।

इसमें प्रो. प्रेम सिंह को सर जॉन सर्जेंट लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, श्री जयवीर सिंह को आउटस्टैंडिंग प्रमोशन एंबेसेडर अवार्ड ,श्री ए के सलिया को संत वशिष्ठ आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड, डॉ. ऋतु वर्मा को प्रो.सी.पी. वशिष्ठ लाइब्रेरी इनोवेशन अवॉर्ड एवं डॉ. अशोक कुमार को प्रोफेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ.ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक डॉ.पिंकी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कई संकाय प्रमुख, विभागध्यक्ष, महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण,शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## किसानों और पिछड़ों को लेकर रोजगार और सामाजिक अधिकार अभियान ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ठोस नीति की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में किसानों को एमएसपी दिलाने और उनके हितों की रक्षा, युवाओं को रोजगार की गारंटी, अति पिछड़ा वर्ग को न्यायपूर्ण आरक्षण और आदिवासी समुदाय को वनाधिकार प्रदान करने के लिए रोजगार और सामाजिक अधिकार अभियान के तत्वाधान से ईको गार्डन में मंगलवार को ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों, युवाओं और आदिवासियों से जुड़ी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शेखर दीक्षित ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए किसानों को सभी फसलों पर कानूनी एमएसपी गारंटी देने के साथ ही लागत + 50% (स्वामीनाथन फॉमूर्ला) लागू करना होगा। अक्सर किसान मौसम की मार से परेशान होते हैं तथा कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर लेते हैं। इसे रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने होंगे तथा निजी और कॉरपोरेट खरीद को नियंत्रित करना होगा। दीक्षित ने अपनी मांगों में किसान विरोधी इंडो - अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कृषि समझौते को रद्द करने की बात की साथ ही विदेशी कृषि उत्पादों और कॉरपोरेट खेती पर नियंत्रण लगाने की मांग की। इसके साथ ही भारतीय बीज, भूमि और कृषि नीति की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके साथ ही पूंजी पलायन रोकने



शिक्षा और स्वास्थ्य बजट बढ़ाने, गांवों में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों पर सख़्त कानून बनाने के साथ ही छोटे उद्योगों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देने की मांग की ताकि किसान लागत से कम दाम पर फसल बेचने को न मजबूर हों।

इंडिया पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक सदस्य अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। प्रदेश का बजट जितना है, लगभग उतना ही कर्ज. प्रदेश पर है। सरकार को चाहिए कि सभी सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर तत्काल भर्ती करने के साथ ही संविदा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था पर भी रोक लगाए। इसके अलावा भर्ती परीक्षाओं में देरी और पेपर लीक पर सख़्त कार्रवाई करे और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की ठोस नीति बनाए क्योंकि केंद्र सरकार के हालिया बजट में प्रदेश की हिस्सेदारी में 1.8% की कटौती की गई है। प्रदेश की लगभग 50% पूंजी अन्य उन्नत राज्यों में पलायन कर रही है, जिससे रोजगार, उद्योग और सामाजिक विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने आदिवसी हितों की रक्षा के लिए कहा कि 1961 के पहले की तरह आदिवासी धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने हेतु विधानसभा में प्रस्ताव लाए। कोल आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति (ST) में शामिल करने के साथ ही वनाधिकार कानून 2006 का प्रभावी क्रियान्वयन हो तथा जल-जंगल-जमीन पर कॉरपोरेट हस्तक्षेप और जबरन विस्थापन पर रोक लगाई जाए। साथ ही रोहिणी आयोग की शिफारिशें लागू करते हुए अति पिछड़ों को अलग कोटा सुनिश्चित किया जाए।

# महसूस फाउंडेशन के द्वारा महिला दिवस पर खाने पीने की सामग्री बाटी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** महसूस फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस पर इस वर्ष की भांति भी महिलाओं को खाना पानी कोलड्रिंक चाय सहित अन्य चीजें वितरण किया गया। संस्था की निदेशक श्रेया गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरफ इस साल "लेट्स गिव स्माइल एंड हैप्पीनेस" मिशन के अंतर्गत नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों को खाना चाय कोल्ड्रिंक वितरण किया गया। जिसके बाद शाम को महिलाओं को निशुल्क गोलगप्पे, मोमोज एवं आइसक्रीम खिलाया गया।

श्रेया गुप्ता ने बताया कि संस्था महिलाओं के खुशी और उनके द्वारा जा रहे उद्यम की सराहना और हर प्रकार की मदद की जा रही है। इस मौके कई सोशल मीडिया क्रिएटर्स सहित हर विधा में कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान निदेशक ईशा गुप्ता, कशिश, स्वाति, शुभी, जय, गौरव, विशाल, पूजा सहित सदस्य भी मौजूद रहे।

# शबीहे नजफ में नम आंखों से कर रहे है ताबूत की जियारत अजादार, मोहर्रम जैसा माहौल,काले लिबास पहने हैं अजादार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ (सजजाद बाकर)।** रौजा-ए-शबीह नजफ रूस्तमनगर में सजे हजरत अली (अ.स.) के ताबूत की जियारत करने वालों का मंगलवार को तांता लगा रहा। इस गम के मौके पर जहां मजलिस व मातम का दौर जारी रहा, वहीं इमाम के ताबूत की जियारत भी करायी गयी। पुराने शहर में मोहर्रम जैसा माहौल बना हुआ है। हर तरफ से मातम की सदाएं आ रही है। अजादार काले लिबास पहने एक मजलिस से दूसरी मजलिस में शिरकत करके इमाम का गम मना रहे हैं। जगह-जगह काले झंडे लगे हैं। इमाम (अ.स.) की शहादत की याद में कल रौजाए शबीह नजफ में ताबूत सजाया गया था। जिसमें कल रात भर पुरूषों ने वहां पहुंच कर अपने मौला की याद में मजलिस व मातम कर अपने गम का इजहार किया। आज ताबूत की जियारत करने के लिए महिलाओं का दिन था दूर-दूर से हजारों महिलाओं ने आकर ताबूत में शिरकत की व नौहे पढ़कर नजाराने अकीदत पेश की। ज्ञात हो कि 19वीं रमजान से शिया हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में डूबे हुए है, जिसे शबें कहते है। रोजेदारों ने इमाम (अ.स.) की शहादत के गम में रोजा खोलने वाले तमाम लजीज खानों को त्याग दिया है, वहीं काले लिबास पहने अजादार जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल है, सभी नजफ में ताबूत की जियारत करने दूर-दूर से आ रहे है। रौजे पर हजारों की तादाद में फूलों व कपड़ों की चादरें चढ़ रही है रौजे पर बैठे व्यक्ति अजादारों को नाड़ा (कलावा) ताबूत से मस (स्पर्श) करके दे रहे है जो लोग अकीदत के साथ अपने गले व हाथ में पहन रहे है।

**सुबह से देर रात तक चला मजलिसों को सिलसिला**

हजरत अली की शहादत के सिलसिले में रौजाए नजफ व मस्जिद अबुतालिब रेजीडेंसी में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कहा कि हजरत अली इंसाफ व मोहब्बत के पैकर थे और आला किरदार के मिसाली इंसान थे । नजफ में मुत्तकी जैदी ने 'सुबह वसीयत" शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत उठाया,जो रौजाए फातमैन ले गये। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अखतर हुसैन हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना गुलरेज नकी ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कालमे पाक से किया। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में मौलान यासूबअब्बास नकवी ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला अजमतुतदौला मेहदीगंज में मौलाना रहमत हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा मोहम्मद सईद बाग मक्का में मौलाना फिरोज अब्बास नकवी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज में मौलाना यासूब अब्बास और मौलाना रजा अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस क बाद ताबूत की जियारत कराई गई।

रौजाए उम्मुल बनीन रूस्तम नगर में मौलाना जफरुल हसन जैदी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना सिबतुर रजा गोलागंज में मौलाना सैयद इज्लाल हैदर ने मजलिस को खिताब किया। रौजा ए बैतुल हुजन में शौहर ए बतूल का गम शीर्षक से आयोजन मजलिस में फैज बाकर ने मर्सिया पढ़ा। इसके अलावा यहां मौलाना जाफर अब्बास व मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। ऐनुल हयात ट्रस्ट द्वारा छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना अली अब्बास खान ने मजलिस को खिताब किया।

**21वीं रमजान का जुलूस आज**

पैगम्बर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) के दामाद व शियों के पहले इमाम अमीर उल मोमेनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में बुधवार को 21वीं रमजान का जुलूस रूस्तम नगर स्थित रौजाए 'शबीह नजफ" से निकाला जायेगा। इससे पूर्व एक अलविदायी मजलिस सुबह 3 बजे होगी जिसे मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास खिताब करेंगे। इस संबंध में शबीह नजफ के मुतवल्ली रफीक हुसैन व अबरार हुसैन ने बताया कि हजरत अली अलैहिस्सलाम के इस ताबूत को जुलूस को हसन मिर्जा उठाया करते थे, इसीलिए यह ताबूत हसन मिर्जा के नाम से जाना जाता है। अब यह जुलूस उनके परिवार वाले उठा रहे है। उन्होंने ने बताया कि बुधवार को सुबह मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजा-ए-नजफ से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा।

# जैसे मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह बहादुर शाह जफर थे, उसी प्रकार राहुल गांधी अंतिम एलओपी हैं : गिरिराज सिंह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कड़ा हमला बोला। सिंह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का आचरण एक अर्बन नक्सली की भांति है और यही प्रवृत्ति कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व के अंत का कारण बनेगी। संसद परिसर के बाहर पत्रकारों से चर्चा के दौरान गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी की तुलना मुगल वंश के अंतिम शासक बहादुर शाह जफर से करते हुए उन्हें नकली गांधी परिवार का अंतिम युवराज करार दिया। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अबोध बालक समझते हैं, क्योंकि वे जो बोलते हैं और जो सोचते हैं, वह कोई समझ नहीं पाता। उन्होंने कहा कि इतिहास देख लीजिए, राहुल गांधी हर मुद्दे पर अर्बन नक्सली की तरह प्रतिक्रिया देते हैं। वह अपनी हर बात से पलट जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि किसी ने आज तक राहुल गांधी जैसा विपक्ष का नेता (एलओपी) नहीं देखा। पहले खुद ही सदन को जानकारी देते हैं कि इन विषयों पर हम चर्चा चाहते हैं और जब उस पर चर्चा होनी होती है तो वहां से भाग जाते हैं।

उनका कहना है कि राहुल गांधी को अब केवल अर्बन नक्सली की तरह पोज देना होता है, बाकी उन्हें किसी चीज से मतलब नहीं है। वह पहले तो मुद्दे खड़े करते हैं, लेकिन जैसे ही चर्चा का समय आता है, वह सदन से निकल जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन के कार्य और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेना विपक्ष के नेता का फर्ज है, न कि केवल पब्लिसिटी या नाटक दिखाना।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस के लिए कामना करता हूं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इनकी सरकार चलती रहे, लेकिन जिस तरह से उनका स्वभाव है उससे यह हो पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जैसे मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह बहादुर शाह जफर थे, उसी प्रकार अंतिम एलओपी राहुल गांधी हैं। उन्होंने गांधी परिवार को नकली बताते हुए कहा कि राहुल गांधी अंतिम अबोध युवराज हैं।

गिरिराज सिंह का कहना है कि राहुल गांधी जब सदन में कोई मुद्दा उठाते हैं और चाहते हैं कि उस पर चर्चा हो तो उन्हें उससे भागना नहीं चाहिए।

## पुस्तक दान अभियान — मनीष कुमार ने 4 पुस्तकें दान कर इस नेक कार्य में योगदान दिया

# ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पुस्तक दान अभियान: ज्ञान के प्रकाश का विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भव्य पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में तथा एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सायमा अलीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दानदाताओं ने उदारता का परिचय देते हुए कुल 21 पुस्तकें विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को समर्पित कीं। डॉ. सायमा अलीम ने स्वयं 17 मूल्यवान पुस्तकें दान कीं, जो विभिन्न विषयों जैसे साहित्य, मीडिया, भाषा विज्ञान और सामाजिक अध्ययन पर केंद्रित हैं। वहीं, मनीष कुमार ने 4 पुस्तकें दान कर इस नेक कार्य में योगदान दिया। इन पुस्तकों से विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी न केवल समृद्ध होगी, बल्कि छात्रों को विविध ज्ञान स्रोत उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पुस्तकों के असीम महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, ह्लपुस्तकें हमारे लिए गुरु का कार्य करती हैं। वे हमें जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, ज्ञान का भंडार होती हैं और कभी थकती नहीं। आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का स्थान अपरिहार्य है।



उनके उद्गारों ने उपस्थितजनों में उत्साह भर दिया। इसी क्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरफान ने पुस्तकों को मानवीय संबंधों से जोड़ते हुए कहा, ह्लपुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र होती हैं। वे उसकी तन्हाई का साथी बनती हैं, कभी धोखा नहीं देतीं और न ही झगड़ती हैं। एक अच्छी पुस्तक जीवन भर का साथी बन जाती है। उनके विचारों ने कार्यक्रम को भावनात्मक गहराई प्रदान करती हैं .

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267